सुन्नी रास्ता
हुसैन हिल्मी इशिक
20वां ऐडीशन

हकीकत किताबेवी इशाअत ने ः 7

सुन्नी रास्ता

हुसैन हिल्मी इशिक

20वां ऐडीशन

हकीकत किताबेवी

दारूश्शफेका कैड 53 पी. के ः 35 34083
फोनः 90.212.523 4556-532 5843 फैक्सः 90.212.523 3693
http://www.hakikatkitabevi.com

ilmelazim@gmail.com

फातिह-इस्तानबुल/तुर्की

बाब न0ः **सफह न0ः**

मआमले का निचौड़

बिस्मिल्लाहिर-रहमान निर-रहीम

सुन्नी रास्ता

दिबाचा/प्रस्तावना

अल्लाह के नाम से किताब शुरू करते हैं!अल्लाह का नाम सबसे बड़ी हिफ़ाज़त है।उसकी बरकतें सारे इकदाम से परे हैं; वो बड़ा करीम और निहायत रहम वाला है।

अल्लाह तआला दुनिया के तमाम लोगों पर रहमत रखता है फाएदेमंद चीज़ें बनाता है और उन्हें हम तक भेजता है।आखिरत में, वो उन खतरनाक मोमिनों को भी माफ़ कर देगा जिन्हें दोज़ख में जाना होगा, और उन्हें जन्नत में ले आएगा।वो अकेला सारी जानदार मखलूक को बनाने वाला है, हर लम्हा वो सारी मखलूक को मौजूद रखता है, और सबको डर और खौफ़ से बचाता है।अल्लाह तआला का भरोसा रखते हुए हम इस किताब को लिखना शुरू कर रहे हैं।

अल्लाह तआला पर हमद हो।सरकारे दो आलम मुहम्मद सल्लाहु अलैहि वसल्लम पर अमन और बरकतें हो।आपकी पाक अहल-अल बएत पर और आपके मुखलिस सहाबा पर बरकतें नाज़िल हों।इस्लामी आलिम, जिन्हें **अहले सुन्नत** कहा जाता है, उन्होंने हज़ारों कीमती किताबें लिखीं जिनमें इस्लाम के अकाईद, अहकाम और ममनुआत को सही वाज़ेह किया।उनमें से कई विदेशी जुबानों में तर्जुमा कर सारी दुनिया में बांटी गई।दूसरी तरफ़, द्रोही, तंग नज़र लोगों ने इस्लाम के फायदेमंद, करीम और चमकदार तरीकों पर हमला किया; अहले सुन्नत (रज़ी-अल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन) के आलिमों को दाग़दार करने की कोशिश की, और इस्लाम को तबदील करने की कोशिश की और इस

तरह मुसलमानों को धोखा दिया। मुसलमानों और गैरमज़हवियों के बीच में ये लड़ाई हर सदी में होती रही है, और ये दुनिया के खातमें तक जारी रहेगी। अल्लाह तआला ने वसीयत की है के ऐसा ही होगा।

मुसलमान आलिमों (खवास) और आम आदमी (आवाम) पर मुश्तमिल है। **दूर्र-ए-यकता** तुर्की किताव में लिखा है कि, "आम आदमी वो है जो अरवी ग्रामर और अदव के उसूलों को नहीं जानते। वो फ़तवे की किताबों को समझने से कासिर है। ये उनके लिए फर्ज़ है कि इस्लामी अकीदे और इवादत से संबंधित जानकारी को सीखें। दूसरी तरफ़, ये आलिामों पर फर्ज़ है तवलीग़ और तहरीरों के ज़रिए सीखाना, पहले अकीदा और फिर इवादत के पाँच उसूलों को सीखाना जो इस्लाम की बुनियाद है। **ज़हीरा** और **तातारहानिया** किताबों में ये लिखा है कि ईमान की बुनियादों और अहले सुन्नत के अकीदें को सीखाना सबसे अहम है।" इसिलिए अज़ीम आलिम अवदुल-हकीम-ए-अरवासी रहमतुल्लाहि अलैहि, मज़हवी और सांईसी तर्जुवात के माहिर ने, अपनी वरकती हिंदगी के खात्में पर फरमाया कि, "तीस सालों तक, मैं इस्लामी ईमान ऐतीकाद (अकीदा, उसूलों) और इस्लाम की खुबसूरत अखलामी तालीमात को वाज़ेह करने की कोशिश इस्तांवुल की मस्जिदों में करता रहा।" इसलिए, हमारी सारी किताबों में, हम भी, अहले सुन्नत के एतिकाद और इस्लाम के अच्छे अखलााक़ को वाज़ेह करने की कोशिश करते है, इस वात पर ज़ोर देते हुए कि हर एक के साथ रहमदिल होना चाहिए और रियासत की फरमाबरदारी और मदद करनी चाहिए। हम कुछ वेमज़हवी लोगों

की तहरीरों को रज़ामंदी नहीं देते, जोकि मज़हब से नावाकिफ़ है और लोगें को रियासत के खिलाफ़ भड़काते है और भाइयों को आपस में भिड़ाते है। ये बताते हुए कि, **"मज़हब तलवारों के साए में है,"** आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने समझाया कि मुसलमान रियासत और उसके कानून की हिफ़ाज़त में आराम से रेह सकते है रियासत मज़बूत होती है, तो लोग ज़्यादा ख़ुशी और अमन मे रहतें हैं। ग़ैर मुस्लिम मुल्कों में रहने वाले मुसलमान ख़ुशी से रह रहे है और अपने मज़हबी फराईज़ आज़ादी के साथ निभाते है, जैसे कि यूरोप और अमेरिका में रहते है, वो रियासत और उसके कानून के खिलाफ़ बग़ावत नहीं करते जिसने उन्हें आज़ादी दी है, वो उकसाहट और इंतेशार (फितना) के औज़ार नहीं बनते। ये अहले सुन्नत आलिमों के हुकूम हैं।

तकरीबन सारे मुसलान मुल्कों में मज़हबी आधिकारी मर्दे अहले सुन्नत इस सही तरीके का बचाव और नाफ़िज़ करने की कोशिश करते हैं। अलबत्ता, कुछ जाहिल लोग, जिन्होने या तो अहले सुन्नत आलिमों के ज़रिए लिखी गई कितावों को पढ़ा नहीं या समझा नहीं, और कुछ जुबानी और तहरीरी जाहिलाना बयानात दिए, ताहम बग़ैर किसी असर के ये सब बातें मुसलमानों के मज़बूत ईमान के सामने और जो वो एक दूसरे के लिए रखते थे जम न सकीं।

मुसलमानों के दरमियान नुकसानदह अलैहदगी पसंद तहरीकों ने इल्म-ए-हाल की किताबों पर हमला किया और अहले सुन्नत के आलिमों और तसवुफ़ के आला बुज़ुर्ग (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम अजमईन) को बदनाम

करने की कोशिश की। अहले सुन्नत के आलिमों ने उनके खिलाफ़ ज़रूरी जवाब लिखे और आप रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के ज़रिए कुरआन अल करीम के सच्चे मआनी की हिफ़ाज़त की जिन्हे उन्होने तबदील करने की कोशिश की थी। हम अल्लाह तआला से दुआ करते हैं कि, हमारे काबिल पढ़ने वाले, जो इस किताब का मुतालआ कर रहे हैं वो ग़ौर हिस के साथ और पाक नफ़स से इसे पढ़े और अहले सुन्नत के सही और सच्चे रास्ते पर जमें रहें ओर झूठे, इल्ज़ाम तदाश बिदअती लोगों से परे रहें। इस तरह करके वो अबदी पस्ती से बच सकते है।

इसके बाद हमारी किताब के कुछ हिस्सों में वज़ाहते [...] .Brackits में जोड़कर लिखी गई हैं। ये सारी वज़ाहतें भी अहम किताबों से ली गई हैं।

मिलादी

हिजरी	**शमूसी**	**हिजरी कमरी**
2001	**1380**	**1422**

पब्लिश्शर नोटः

अगर कोई इस किताब को इसकी असली शक्ल में छपवाना चाहे या किसी और ज़बान में तर्जुमा करके छपवाना चाहे तो उसको हमारी तरफ से इसकी इजाज़त है। जो लोग इस किताब को तर्जुमा या छपवाके आगे देंगे हम अल्लाह तआला से उनके लिए दुआ करेंगे और उनके शुक्रगुज़ार होंगे। हमारी ये गुज़ारिश है कि अगर कोई इस किताब को छपवाए वो इसके सफ़हों की क्वालिटी अच्छी रखे, बिल्कुल सही तरीके से और बग़ैर गल्ती के छपवाई जाएँ।

एक चेताचनी: ईसाई मिशनरी अपनी ईसाईयत को फ़लौने की कोशिश कर रहे हैं, यहूदी लोग भी अपनी यहूदी मत बातों को फैलाने की कोशिश में लगे हैं। हकीकत किताबेवी (बुकस्टोर) इस्तांबुल में इस्लाम फ़ैलाने की कोशिश में है। जबकि बहुत लोग इस्लाम को नुकसान पहुँाने में लगे हुए हैं। जो इंसान अक्ल रखता है जानकारी रखता है और दिल से सही रास्ते की तलब करता है तो वो यकीनन सीधी राह को पा लेगा जितनी भी राह उसे मिले वह उनमें से वो राह चुनेगा जो इन्सानियत की निजात के लिए है। और कोई भी राह इन्सानियत की निजात से बढ़कर नही हो सकती। इस्लाम किसी एक के लिए नहीं बल्कि पूरी इन्सानियत के लिए है और हमारा मकसद इन्सानियत की भलाई के लिए है।

1-मालूमात-ए-नाफ़ीया

(अहम जानकारी)

ये किताब अहमद सेफ़दत पाशा (रहमतुल्लाही तआला अलैह) के ज़रिए लिखी गई है, जिन्होने कुरआन अल-करीम के उसूलों को अपनी किताब **मजल्ला** में कानून कोड में लिखकर इस्लाम के लिए एक अज़ीम कारनामा किया। इसके अलावा, उन्होने **उस्मानी तारीख** अपनी फीन्ड में भरोसेमंद को बारह जिल्दों में और मश्हूर **किस्सास-ए-अंबीया** (अंबीया की तारीख) लिखीं। उन्होने लेफ़या में **1238** (**1823** ए. डी.) में रहलत पाई और फ़ातिह मस्जिद इस्तांबुल में उनको दफनाया गया।

इस आलम में, जोकि, सब कुछ ग़ैरमोजूद था अल्लाह तआला ने ग़ैरमोजूदगी से वजूद किया। वो इस दुनिया के खात्मे तक इंसानो से इस दुनिया को ग़नी करना चाहता है आदम (अलैहि-सलाम) को मिट्टी से बनाकर उसने दुनिया को उनके बच्चों से सजाया है। लोगों को उनके लिए दुनिया में और बाद में ज़रूरी चज़िें दिखाने के लिए, उसने उनमें से कुछ को नबी (अलैहिम-सलाम)

बनाकर इज़्ज़त बख्शी उसने उनको दूसरों लोगो से अलग रखने के लिए उन्हें ऊँचे दर्जे दिए। वो अपने अहकाम नबियों तक एक फरिश्ते **जिबाईल** के ज़रिए पहुँचाता है। और वो ये अहकाम अपनी उम्मतों तक बिल्कुल उसी तरह पहुँचााते थे जैसे जिबईल (अलैहि सलाम) उन तक पहुँचाते थे। सबसे पहले नबी आदम अलैहि सलाम और सबसे आखिरी नबी हमारे आका सरकारे दो आलम मुहम्मद मुस्तफ़ा अलैहि सलातु वस्सलाम है।

इन दोनो के बीच में बहुत सारे नबी आए। मंदरजाज़ेल हैं जिनके नाम जाने हुए हैं।

आदम, शीस, इद्रीस, नूह, हूद, सालिह, इब्राहिम, इसमाईल, इस्हाक, याकूब, यूसुफ (जौसेफ़) **अय्यूब, लूत, शुऐब, शुऐब, मूसा** (मोसस), **हारून, दाऊद** (डेविड), **सुलैमाान, यूनुस** (जोनह), **इल्यास** (एलिजह), **अलयासा, जुलकैन, ज़करिया** (ज़ैचरिह) **याहय्या** (जान), **ईसा** (जिसस), **मुहम्मद मुस्तफ़ा** (अलैहिम स-सलात वसलाम)। इनमें से पच्चीस नबियों के नाम, शीस (अलैहि-सलाम) के अलावा कुरआन अल करीम में हैं। **उज़ैर, लुकमान** और **जुल्कनैन** के नाम भी कुरआन अल करीम में हैं। कुछ अहले सुन्नत आलिमों का कहना है कि ये तीन, और तबअ और खिज़र भी नबी थे, जबकि कुछ कहते हैं कि वो औलिया थे।

मुहम्मद अलैहि सलाम हवीव-अल्लाह (अल्लाह के सबसे प्यारे) इब्राहिम अलैहि सलाम खलील-अल्लाह (अल्लााह के प्यारे) **मूसा** (अलैहि सलाम) कलीम-अल्लाह (वो जिनके साथ अल्लाह बात करते थे) **ईसा** अलैहि सलाम रूह-अल्ल्लाह (वो जिन्हें अल्लाह ने बग़ैर बाप के पैदा किया) है।**आदम** अलैहि सलाम सफ़ी अल्लाह (वो जिनकी गल्ती अल्लाह ने माफ़ करदी) है।**नूह** अलैहि सलाम नाजी अल्लाह (वो जिन्हें अल्लाह ने खतरे से बचाया) है।ये छ नबी दूसरे नबियों मे बरतर हैं।इन्हें **उलु-ए-अज़म** कहा जाता है।सबसे बरतर/अफ़ज़ल मुहम्मद (अलैहि सलाम्म) हैं।

अल्लाह तआला ने एक सौ सुहुफ़ (सहीफ़ा की जमा, किताबचा) और चार किताबें ज़मीन पर भैजीं।ये सारी जिब्राईल अलैहि सलाम लेकर आए।दस सुहुफ़ आदम अलैहि सलाम पर, पचास सुहुफ़ शीस अलैहि सलाम पर, तीस सुहुस इदरीस अलैहि सलाम और दस सुहुफ़ इब्राहिम अलैहि सलाम पर उतारे गए।[सहीफ़ा, (इस तनाज़िर में) का मतलब है 'एक छोटी किताब', 'एक किताबचा'।इसका मतलब वो नहीं जेसे की हम जानते हैं, यानी एक काग़ज़ की शीट का एक चेहरा]।चारों किताबों में से, **तावरत एश शरीफ़** [तौराह] मूसा अलैहि सलाम पर भेजी गई, **ज़बूर एश शरीफ़** [असली ज़बूर] दाऊद अलैहि सलाम पर, **इंजील एश शरीफ़** [लातेनी इंजील] ईसा अलैहि सलाम पर और **कुरआन अल करीम** आखिरी नबी, मुहम्मद अलैहि सलाम पर उतारी गई।

नूह अलैहि सलाम के ज़माने में सैलाब आया और पानी ने पूरी ज़मीन को ढक लिया।ज़मीन पर सारे लोग और जानवर डूब गए।लेकिन ईमान वाले जो उनके साथ किश्ती में थे वो बच गए।नूह अलैहि सलाम जब किश्ती में चढ़ रहे थे तो उन्होने अपने साथ हर किस्म के जानवर का एक एक जोड़ा लिया था, जिससे आज के जानवर बढ़े हैं।

नूह अलैहि सलाम के तीन बेटे भी किश्ती में सवार थे: साम (शेम), याफ़ास (जाफ़ैस) और हाम (हैम)।आज ज़मीन के लोग उनकी नसलों में से हैं।इस वजह से उन्हें दूसरा बाप कहा जाता है।

इब्राहिम अलैहि सलाम इस्माईल और इस्हाक़ अलैहिम स-सलाम के बाप हैं।इस्हाक़ अलैहि सलाम याक़ूब के बाप हैं।याक़ूब अलैहि सलाम यूसुफ़ अलैहि सलाम के बाप हैं।याक़ूब अलैहि सलाम को "इसराईल" भी कहा जाता है।इस वजह से उनके लड़को और पौतों को **"बनी इसराईल"** (इसराई ल/इसराईल के बच्चे) कहा जाता है।बनी इसराईल तादाद में बहुत बढ़ गए और उनमें से कई नबी बने।मूसा, हारून, दाऊद, सुलैमान, ज़कारिया, याहय्या और ईसा अलैहिम, स-सलाम उनमें से हैं।सुलैमान अलैहि स-सलाम दाऊद अलैहि स-सलाम के बेटे हैं।याहय्या अलैहि सलाम ज़कारिया अलैहि सलाम के बेटे, हारून अलैहि सलाम मूसा अलैहि सलाम के भाई थे।ईस्माईल अलैहिस सलाम अरबी नसल में से थे और मुहम्मद अलैहि सलाम एक अरबी थे।

हूद अलैहि सलाम को ओस कबिले में भेजा गया, सालिह अलैहि सलाम को समूद कबिले में भेजा गया, और मूसा अलैहि सलाम को बनी इस्राईल में भेजा गया। इसके अलावा हारून, दाऊद, ज़कारिया और याहया अलीहुमा अस-सलाम को बनी इस्राईल में भेजा गया था। लेकिन उनमें से कोई भी एक नया मज़हब नहीं लाए; उन्होने बनी इस्राईल को मूसा अलैहि सलाम के मज़हब में दावत दी। अगरचे ज़बूर दाऊद अलीह सलाम पर उतरी उसमें अहकामात, कानून या इबादत नहीं थीं। ये उपदेशो और सलाह से भरा हुआ था इसलिए उसने तोराह को मंसूख या रद्द नहीं किया बल्कि इस पर ज़ोर दिया, और यही वजह थी कि मूसा अलैहि सलाम का मज़हब ईसा अलैहि सलाम के वक्त तक चला। जब ईसा अलैहि सलाम आए तो, उनके मज़हब ने मूसा (अलैहि स-सलाम) के मज़हब को मंसूख कर दिया; इसलिए, तोरह बातिल हो गई इसलिए मूसा (अलैहि सलाम) के मज़हब की तक़लदि करने की इजाज़त नहीं थी। उस वक्त से ये ज़रूरी था कि मुहम्मद (अलैहि स-सलाम) की आदा तक ईसा (अलैहि सलाम) के मज़हब की तकलीद की जाए। हालांकि, बनी इस्राईल की अकसरियत ईसा (अलैहि सलाम) में अकीदा नहीं रखती थी और तौरह की तकलीद करने में कायम थी। इस तरह यहूदी और नसारा अलग हो गए। वो जो ईसा (अलैहि सलाम) को मानते थे वो **नसारा** कहलाए; जो आज के ईसाई हैं। वो जो ईसा (अलैहि सलाम) को नहीं मानते थे और बेयकीनी में और बिदअत में रहे वो **यहूदी** कहलाए। यहूदी अब भी ये दावा करते हैं कि वे मूसा (अलैहि सलाम) के मज़हब की तकदील करते हैं और तोरह और ज़बूर पढ़ते

हैं; नसारा इस बात का दावा करते हैं कि वे ईसा (अलैहि सलाम) के मज़हब को मानते हैं और इंजील पढ़ते हैं। हालांकि, हमारे आका मुहम्मद (अलैहि स-सलातो व सलाम) को दोनो आलम और सारे इंसानो और जिन्नातों के आका बनाकर भेजा, आपको आलम (बशर की दुनिया) के लिए नबी बनाकर भेजा गया, और आपके मज़हब, इस्लाम ने सारे पिछले मज़ाहिब को मंसूख कर दिया। क्योंकि ये मज़हब दुनिया के खात्में तक सही रहेगा, दुनिया के किसी भी हिस्से में इस बात की इजाज़त नहीं है के आपके मज़हब के अलावा किसी और मज़हब में रहे। किसी नबी ने आप पर सबकत नहीं ली। हम उसकी उम्मत होने के लिए, अल्लाह तआला का शुक्रिया करते हैं। हमारा मज़हब इस्लाम है।

हमारे पैगम्बर, मुहम्मद (अलैहि सलाम), पीर की सुबह **12** रबी उल अव्वल, जो **20** अप्रैल, **571** (मीलादी) से मिलती है मे हुआ, आपकी विलादत मक्का में हुई। आपने हिजरत के **11** वें साल में (632A.D) में मदीना में रहलत फरमाई। **40** साल की उमर में एक फरिश्ते जिन्हें **जिब्राईल** (अलैहि सलाम) कहा जाता है ने आपको नब्वुवत की बशारत दी। आपने **622** में मक्का से मदीना की तरफ़ हिजरत की; मदीना के नज़दीक क़ुबा गाँव में पीर **20** सितंबर के दिन आपकी आमद को मुसलमानों के लिए **हिजरी शमसी** (शमसी) कलैंण्डर का आग़ाज़ हुआ। जबकि मुहर्रम का वाही पहला साल **कमरी** (चंद्र) कैलेंण्डर

की शुरूआत है। फारसी शमसी साल इससे छ: महीने पहले शुरू हुआ, **20** मार्च को, जोकि मैजियन उत्सव का दिन है।)

हम सभी नबियो को मानते हैं। वो सारे पैंगम्बर हैं जिन्हें अल्लाह तआला ने भेजा है। फिर भी जब कुरआन अल करीम उतरा तो सारे मज़हब मंसूख कर दिए गए। इसलिए, उनमें से किसी भी तकलीद करने की इजाज़त नहीं है। ईसाई भी पिछले सब पैगम्बरो को मानते हैं, फिर भी वो इस सच को नहीं मानते कि मुहम्मद (अलैहि सलाम) इंसानो के नबी हैं, वो ईमान नहीं रखते और सच्चाई से अलग होते हैं। यहूदियों के लिए, क्योंकि वो ईसा (अलैहि सलाम) को भी नहीं मानते, इसलिए वो दुगने इस्लाम से परे हैं।

चूँकि यहूदी और ईसाई इस बात को मानते हैं कि उनकी आजकी किताबें वैसी ही हैं जैसी उन्हें आसमान से उतारा गया था, उनको **अहले किताब** (आसमानी किताबों के साथ काफ़िर) कहते हैं। उनके ज़िब्ह किए गए जानवरों को खानी की इजाज़त तो है लेकिन मकरूह है। [अगर वो ज़िब्ह करते वक्त अल्लाह तआला के नाम का ज़िकर करते हैं। और मुसलमाान लड़कियां के लिए उनके साथ शादी करने की इजाज़त नहीं है। अगर एक लड़की एक काफ़िर से शादी की इच्छा रखती है तो वो अल्लाह तआला के मज़हब को कमतर करती है। जो इस्लाम को हल्का करता है वो नामुरीद बन जाता है। इसलिए, ऐसी शादी दो काफ़िरों के बीच कही जाती है।

(मुश्रिक) और धर्मत्यागी (मुर्तद) जो किसी भी पैगम्बर या किताब में ईमान नहीं रखते वे "काफ़िर कहलाए जाते हैं बग़ैर किसी आसमानी किताब के।" **मुलहिद,** भी, उसी समूह में है। उनकी लड़कियों से शादी करना या उनके ज़रिए मारे गए जानवरों को खाने की इजाज़त नहीं है।

ईसा (अलैहि सलाम) ने अपने साथियों में से 12 को अपने बाद उनका मज़हब चलाने के लिए चुना; उनमें से हर एक हवारी [aposte, apostel]कहलाया गया। वह शमून [साएमन], पिटर, [पेटरोस], जोहन्ना [johanner], बड़े याकूब, एंडरीस [एड्रूओ, पीटर के भाई], फिलिप, थॉमस, वथॉलोम्यू [वथॉलोमास] मय्यािय [मैथ्यू], छोटा याकूब, वरनवास, यहूदा [जूदास] और थैडेईस [जकोबिल] यहूदा एक मुलहिद बन गया और मत्यास [मरियाय] ने उसकी जगह ले ली। पेटरोस मुलहिरों का सरबराह था। ये 12 मानने वाले, ईसा (अलैहि सलाम) के 33 साल की उमर में आसमान में उठाए जाने के बाद उनका मज़हब फैलाते रहे। ताहम अल्लाह तआला के ज़रिए भेजी गई मज़हब की सच्ची तालीमात सिर्फ़ 80 साल तक रही। उसके बाद पॉल ने हर जगह फिण्ड अकाईद को फैलाना शुरू कर दिया। पॉल एक यहूदी था वो ईसा (अलैहि सलाम) में यकीन नहीं रखता था। फिर भी ईसा (अलैहि सलाम) को मानने का दावा करते हुए और अपने आपको आलिम वताते हुए उसने कहा कि ईसा (अलैहि सलाम) अल्लाह के वेटे थे। उसने दूसरी और चीज़ों को दबाना शुरू किया और कहा कि शराव और सूअर हलाल था। उसने नसारा का

किवला काबा से मश्रिक की तरफ़ मोड़ दिया जहाँसे सूरज उगता है। उसने कहा अल्लाह तआला की शख्सियत (ज़ात) एक थी और उसकी सीफ़ात तीन थीं। इन सिफ़ात को उकनूम (हाइपोस्टैस) कहा जाता था। इस यहूदी पाखंडी के लफ़्ज़ बाइबिल (इंजील) की शुरूआती चार किताबों में थे, खासकर ल्यूक की किताब में, और नसारा समूहों में बंट गया। बहत्तर विरोधी फिरके और किताबें दिखाई दीं। वक्त के दौरान इन फिरकों में से ज़्यादातर भुला दिए गए और अब उनके पास सिर्फ़ तीन बड़े फिरके हैं।

[अब्दुल्लाह बिन अब्दुल्लाह अत-तर्जुमन जो मयोरका एक स्पैनिश बेलिएरिक जज़ीराहैं वहाँ एक पादरी थे, और जिन्होने टयूनीशिया में इस्लाम कुबूल करने के बाद अपना नाम बदल लिया था, वो लिखते हैं: "चार इंजिल मैथ्यू, ल्यूक, मार्क और जॉन [जोहन्ना] के ज़रिए लिखी गई। ये इंजील भ्रष्ट करने के लिए पहली किताबें थीं। मैथ्यू, एक फिलीस्तानी, जिसने ईसा (अलैहि सलाम) को उनके आसमान में उठाए जाने वाले साल में ही देखा था। आठ साल बाद उसने पहली इंजील लिखी जिसमें उसने फिलिस्तानी में गैर मामूली वाक्यात को लिखा जब ईसा (अलैहि सलाम) की पैसईश हुई और किस तरह उनकी माँहज़रत मरीयम उन्हें मिस्र में ले गई जब यहूदी बादशाह हेरोद उनके बेटे को कत्ल करना चाहता था। हज़रत मरयम अपने बेटे के आसमान पर उठाए जाने के छ: साल बाद रहलत फरमा गई और उन्हें जेरूसलम में दफनाया गया। ल्यूक जो अन्ताकिया (अन्ताक्षय) से था, उसने ईसा (अलैहि सलाम) को

कभी नहीं देखा था। उसे ईसा (अलैहि सलाम) के मज़हब में पाखंडी पॉल ने शमुलियत कराई वो भी ईसा (अलैहि सलाम) के आसमान पर उठाए जाने के काफ़ी सालों बाद। पॉल के ज़हरिले विचारों से प्रभावित होने के बाद, उसने अपनी इंजील लिखी, पूरी तरह से अल्लाह तआला की किताब (इंजील) को तबदील करते हुए। मार्क, ने भी, ईसा (अलैहि सलाम) के उठाए जाने के बाद उनका मज़हब अपना लिया और रोम में पेटरोस से जो सुना था इंजील के नाम पर उसे लिख दिया। जॉन ईसा (अलैहि सलाम) की आंटी का बेटा था। उसने ईसा (अलैहि सलाम) को कई बार देखा था। इन चारों इंजीलो में बहुत सारे बेमेल इकतेबासात थे।" **तुफातुल अल एरब फ़ी र-रज़ी अला अहलि स-सलीब** अब्दुल्लाह इबनी अब्दुल्लाह अत-तर्जुमान के ज़रिए। उन्होने ये अरबी काम **823** (**1420** ए . डी .) में लिखा, जो लंदन में **1290** (**1872** ए . डी.) में छापा गया और इस्तांबुल में **1401** (**1981** ए.डी.) में, और बाद में इसे तुर्की में तर्जुमा किया गया।)

दिया अल कुलूब और **शम्स अल-हकीका** इस्हाक़ एफ़ंदी हरफपूत के ज़रिए इन दो किताबों में, जो **1309** (**1892** ए.डी.) में फौत हो गए; हैदरी ज़ादा इब्राहिम फसिह के ज़रिए अरबी किताब **अस-सिरात अल मुस्तकीम** में जिनका इंतकाल **1299** में हुआ; नजफ़ अली तबरिज़ी के ज़रिए फारसी की किताब **मीज़ान अल-मौअज़िन** में जिसे इस्तांबुल में **1288** में छापा गया, और ईमाम ग़ज़ाली के ज़रिए अरबी की किताब अर-रद अल जमील में, जिसे बैरूत में

1959 में छापा गया, ये साबित हुआ कि बाइबिल मौजूदा कापियाँ दाखिल करदी गई हैं।आखिर की तीन किताबों की फोटोस्टेटिक कापियाँ हकीकत किताबेवी ने **1986** में पैश की थीं।)

बरनबास के ज़रिए लिखी गई इंजील, जिसे उसने जो देखा और सुना ईसा (अलैहि सलाम) से ठीक उसी तरह लिखा, **1973** में उसे पाकिस्तान में पाया गया और अंग्रेज़ी में लिखा गया।**कामूस अल अलाम** में ये लिखा है: "बरनबास सबसे पहले रसूलो में से था।वो मार्क के अंकल का बेटा था।वो एक साइप्रसी/कब्रसी था।वो ईसा (अलैहि सलाम) में यकीन रखता था, उसके बाद पॉल आगे आ गया, जिसके साथ उसने अंतोलिया और ग्रीस का सफ़र किया।उसे साइप्रस में **63** साल में शहीद कर दिया गया, उसने एक इंजील और कुछ दूसरे किताबचे लिखे थे।उसे **11** जून को ईसाईयों के ज़रिए याद किया जाता है।

ईसाईयों के मज़हबी अफ़सरों को पादरी कहा जाता है।सबसे बड़ा रूढ़िवादी पादरी पिता कुलपति है।एक मध्यवर्ती ग्रेड के पादरीपक्ष को पादरी कहा जाता है।जो बाइबिल पढ़ते हैं उन्हें क्यूसिस (गोस्प्लेरर्स) कहा जाता है।क्यूसिस के ऊपर यूएसक्यूफस (प्रोस्बिटर) होते हैं, जो मुफतियों की तरह काम करते हैं।यूएसक्यूफस ऊँचे ग्रेड के बिशप कहलाते हैं, उनके ऊपर आर्च बिशप या महानगरीय होते हैं, जो काफ़ी (जज) की तरह काम करते हैं।वो जो चर्च में रसूम इबादत कराते हैं उन्हें जासेलीक कहते हैं, उनके नीचे इलाज

करने वाले या शममा (डेकोन) होते हैं, और जो गिरजों में काम करते हैं उन्हें ईर्रामट (हीमिट्रस) कहते हैं या शामिमिसा (कोएनपीवाइट्रस) कहते हैं, जो मुआज़्ज़नों की तरह भी काम करते हैं। जो आपको इबादत में वक्फ़ करते हैं उन्हें राहिब कहा जाता है। कैथोलिक का सरबराह रोम में पॉप (बापों का बाप) होता है उसकी सलाहकार को कार्डिनल्स बुलाया जाता है।

ये सारे पिछले मज़हवी अधिकार के आदमी अल्लाह तआल की वहदानियत को भुला चुके थे। उन्होने तसलीस/trinity की खोज ली। कुछ समय बाद, रोमन बादशाह क्लॉडियस (**215-271**) के राज में, एंटाकिए के कुलपति यूनुस सममास ने अल्लाह तआला की एकता का एलान कर दिया। वो चारो तरफ़ से कई लोगों को सही राह पर ले आया फिर भी उसके बाद पादरियों ने दोबारा तसलीस/तीन देवताओं की इबादत शुरू कर दीं। कॉन्स्टेंटिन अज़ीम (**274-337**) ने ईसा (अलैहि सलाम) के मज़हब में बुतपरस्ती शुरू की। **325** में उसने **318** पादरियों को एक रूहानी परिषद में नीसा (इज़नीक) में बुलाया। और एक नया ईसाई मज़हब बनाया। इस परिषद में, एरियस नामी प्रेस्बाइटर ने कहा कि अल्लाह तआला एक है और ईसा (अलैहि सलाम) उसकी तख़लीक है। फिर भी, अलेक्जॉड्रियास, परिषद के सरबराह और उस वक्त के अलेक्जॉड्रिया के मौजूदा कुलपति ने उसे चर्च से खारिज कर दिया। कान्सटंटाईन द ग्रेट ने एलान किया कि एरियस एक काफ़िर है और उसने मलकाया (मलकाईट) फिरके के उसूलों को कायम किया; ये सच

अल-मिलाल व न-निहाल किताब और जिरीइस इब्न अल अमीद के ज़रिए लिखी गई एक तारीख की किताब में भी लिखा हुआ है जो **601-671** ए-एच (**1205-1273,** दमिश्क) में एक बीज़ान्टिन ग्रीक तारीखदान था। **381** में, एक दूसरी परिषद कांस्टँटिनोपल(इस्तांबुल) में आयोजित की गइङ थी, और मकदोनियस पर तोहिने रिसालत का इलज़ाम लगाया गया था क्योंकि उसने कहा था कि ईसा (अलैहि सलाम) रूह अल कुदस [पाक आत्मा] नहीं हैं वल्कि एक मखलूक हैं। **395** में, रोमन बादशाहत दो टुकड़ो में बंट गई। **421** मे एक तीसरी परिषद कांस्टँटिनोपल में आयोजित की गई थी, कांस्टँटिनोपल के कुलपति नेस्टोरियस की किताब की जाँच करने के लिए जिसमें उसने कहा था कि "ईसा एक आदमी हैं। उनकी इबादत नहीं हो सकती। यहाँ सिर्फ़ उनकूम मौजूद है। अल्लाह एक है। उसकी सिफ़ात की मौजूदगी, ज़िंदगी और इल्म, 'ज़िंदगी' की सिफ़ात रूह अल कुदस है; इल्म की सिफ़ात ईसा में दाखिल है और वो एक देवता बन गया। मरयम एक देवता की माँ नहीं थीं। वो एक आदमी की माँ थीं। ईसा अल्लाह का बेटा था"। उसके ये विचार मान लिए गए। नेस्टोरियस का फिरका ओरिएंटल मुल्कों में फैला। वो जो इस फिरके में थे वो नेस्टूरीस (नेस्टोरियस) कहलाए गए। **431** में, एक चौथी परिषद आयोजित की गई इफिसुस में जिसमें डायसकोरस के विचारों को मंज़ूर कर लिया गया और नेस्टोरियस (डी **439** मिस्र) पर रिसालत की तज़लील करने का इलज़ाम लगाया गया। **20** साल बाद, **734** पादरी **451** में कादिकोय में पाँचवी परिषद में इकट्ठा हुए और दयोजकोरस के विचारों की तहरीरों को

नामंज़ूर कर दिया गुा जो अलेकजॉडया का कुलपति था।दयोजकोरस के विचार जो ईसा (अलैहि सलाम) के देवता होने पर मुबनी थे, उसने मोनोफिज़िर को कायम किया जिसे याक़ूबिया फिरका भी कहते है, जो दयोज़कोरस- याक़ूब (जेकब) के असली नाम से लिया गया।उस वक्त के बीजान्टिन के बादशाह मरसिअनस ने सब तरफ नामंज़ूरी का एलान करा दिया।दयोज़कोरस भाग गया और जेरूसलाम और मिस्र में अपने ईमान की तालीमात दीं।उसके मानने वाले ईसा (अलैहि सल्मा) को मानते है।आज के सूर्यनी (सिरिआक बोलने वाले ईसाई) और ईराक, सिरिया और लेबनान में मारोनिट याक़ूबिया फिरके से हैं।इस फिरके को कादिकॉय कॉंसल में मंज़ूरी मिली और मरसिअनस बादशाह ने भी इसे मंज़ूरी दे दी इसे मलकाएया (melchite) कहते हैं।ये उसी फिरके से मिलती हुई हैं जिसे पहली दुनियावी कॉंसल नाएसिया में मंज़ूर किया गया था।उनका सरवराह एंटिओक का कुलपति था।वो इल्म और ज़िंदगी की सिफ़ात को "कालिमा" (लफ़्ज़) और "रूह अल कुदस" (पाक रूह) मानते हैं, बिल्तरतीब; जिसे **उनकूम कहते हैं,** जब वो आदमी के साथ मिल जाते हैं।उनके तीन देवता हैं; बाप, वजूद की उनकूम, उनमें से एक हैं ; जिसस बेटा है; मेरी (मरियम) देवी हैं।वो ईसा (अलैहि सलाम) को **जिसस कराईस्ट/यसू मसीह** बुलाते हैं।

बहत्तर ईसाई फिरके अरबी की किताब **इज़हार अल-हक** और तुर्की की किताब **दिया उल-कुलूब (इज़हार अल-हक 1280** (**1864** ए .डी.) में

इस्तांबुल में अरबी में छापी गई।इस किताब में रहमतुल्लाह एफ़ंदी भारत के (रहमत-अल्लाह तआला अलैहि) जिनका इंतकाल **1306** ए . एच में मक्कल में हुआ, उन्होने तफ़सील से ईसाई पादरियों के साथ **1270** में भारत में और बाद में इस्तांबुल में अपनी बातचीत के बारे में लिखा है, और बताााया है कि किस तरह उन्होने उन्है चुप कराया गया।इस बातचीत पर तबसरा/राए इस्तांबुल के फारसी की किताब **सैफ़ अल-अबरार** में तासुर जोड़ा गया, **इज़हार अल हक़** के दो हिस्से हैं; पहला हिस्सा जो नुज़हत एफ़ंदी, बुज़ारते तालीम के चीफ़ सचिव के ज़रिए तुर्की में तर्जुमा किया गया, जिसे **ईज़ाह अल हक़** के उनवान के साथ इस्तांबुल में छापा गया; दूसरा हिस्सा सय्यैद उमर फेहमी बिन हसन के ज़रिए **1292** ए.एच में तुर्की में तर्जुमा किया गया, और ब्इबराज़ अल हक़ के उनवान के साथ बोसनिया में **1293** (**1876** ए.डी.) में छापा गया।इस्हाक़ एफ़ंदी हरपुत के ज़रिए **दिया अल-कुलूब** (**1990** में इस्तांबुल में) अंग्रेज़ी में **could not answer** के उनवान के साथ तर्जुमा की गई।) में तफ़सील से वाज़ह किए गए हैं।

ये सारे फिरके 446 [**1054** ए.डी.] तक रोम के पॉप के वफ़ादार थे।उन सबको **catholic** कहा जाता था।**1054** में, माइकल सेर्यूलियस, कांस्टेंटिंपल का कुलपति, पॉप से अलग हो गया और मश्रिकी गिरजाघरों को आज़ादाना तौर पर इंतेज़ाम करने लगा।इन गिरजघरों को **orthodox** बुलाया गया।ये याक़ूबिया फिरके को मानते थे।**923** (**1517** ए.डी.) में, एक

जर्मन पादरी लूथर ने रोम के पॉप के खिलाफ़ बग़ावत कर दी और गिरजघरों की तादाद उसकी तकलीद करने लगी।उन्हें **protestants** कहा गया।]

जैसे के देखा गया, यहूदियों की तुलना में ईसाई ज़्यादा बेसर थे, और आखिरत में उन्हें शदीद सज़ा मिलेगी क्योंकि दोनो ने ही मुहम्मद (अलैहि सल्मा) से कुफ्र किया और उलूहिया (देवत्व) के मज़मून के खिलाफ़ कुसूरवार हुए; वो तसलीस त्रिमूर्ति में यकीन रखते हैं और ईसा (अलैहि सलाम) और उनकी माँ हज़रत मरियम की इबादत करते हैं और उन्हें देवता मानते हैं; वो **मैटा** मांस भी खाते हैं। (इस्लाम ये बताता है कि कौन से खाने वाले जानवर को मरना है।जब वो बताए हुए तरीके से नहीं मारा जाता तो, उसका मांस **मैटा** बन जाता है, यानी खाने के लायक नहीं।) यहूदियों के लिए, उन्होने दो नबियों को नकारा; लेकिन वो जानते हैं कि अल्लाह तआला एक है और वो मैटा मांस भी नहीं खाते।फिर भी, यहूदी इस्लाम की तरफ़ ज़्यादा दुश्मन हैं।अगरचे कुछ यहूदी मुश्रिक बन गए हैं ईसाई की तरह ये कहते हुए, "उज़ैर(एज़्र) अल्लाह काबेटा है", उन्हें अहल अल- किताब कहा जाता है।orthodox/रूढ़िवादी, कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट बाइबिल की मुखतलिफ़ तर्जुमे पढ़ते हैं और दावा करते हैं कि वो ईसा (अलैहि सलाम) के मानने वाले हैं; हालांकि, हर फिरके के अकीदे और अमल पर विरोधी उसूल हैं।वो सब नसरा, ईसाई या अहले-किताब कहलाए जाते हैं।यहूदी अपने आपको मूसा (अलैहि सलाम) के मज़हब में मानते हैं। (**1954** में, दुनिया की आबादी **2.444** अरब थी जिनमे से

322 million मुसलमान, **800** million ईसाई (**128** million रूढ़िवादी, **470** million कैथोलिक और **202** million प्रोटेस्टेंट), **11** million यहूदी, और **1.311** अरब मुश्रिक और काफ़िर थे, जो किसी आसमानी किताब या किसी नबी में यकीन नहीं रखते थे।)

जब हमारे नबी (अलैहि स-सलाम) ने अपनी मौजूदगी से हिजरा के **11**वें साल में दूसरी दुनिया में इज़्ज़त बख्शी, तो अबू बक्र अस-सिद्दीक (रज़ी-अल्लाहु अन्ह) खलीफ़ा बने; 63 साल की उमर में हिजरा के **13** साल बाद रहलत फरमा गए। उनके बाद, उमर फारूक (रज़ी अल्लाहु अनह) खलीफ़ा बने। उनको **63** साल की उमर में हिजरा के **23** वें साल में शहीद कर दिया गया। उनके बाद उसमान ज़ुन-उन-नूरएन (रज़ी अल्लाहु अन्ह) खलीफ़ा बने। उन्हें हिज़रा के **35** साल बाद **82** साल की उमर में शहीद कर दिया गया। फिर, अली (रज़ी अल्लाहु तआला अन्ह) खलीफ़ा बने। उन्हें **40** ए.एच में जब आप **63** साल के थे शहीद कर दिया गया। इन चारों खलीफाओं को **अल खुलाफ़ा अर-राशिदीन** कहा जाता है। बिलकुल वैसे ही जैसे असर अस-सादा में शरीअत के कानून (अहकाम) और रास्तबाज़ी चलते थे वैसे ही उनकी खिलाफ़ात में चारों तरफ़ इंसाफ़ और आज़ादी परवान थी। शरीअत के उसूल बग़ैर किसी बुरे अमल के चलते थे। ये चारो खलीफ़ा सारे अस-सहाबत अल किराम (अलैहिमु र-रिज़वान) से सबसे ऊँचे थे और इनकी एक दूसरे पर फौकियत इनकी खिलाफत की तरतीब से थी।

अबू बक्र रज़ी अल्लाहु अन्ह के वक्त में मुसलमान बहीर-ए-अरब के बाहर तक चले जाते थे। उन्होने जज़ीरा नुमा में टूट गई उलझनो को दबा दिया और नौमुदिर के दमन के लिए संघर्ष किया। हमारे नबी सरकारे दो आलम (सल्लाहु अलैहि व सल्लम) के रहलत फरमाने के बाद, बहीर-ए-अरब में बग़ावते शुरू हो गई थीं। अबू बक्र (रज़ी अल्लाहु अन्ह) ने बाग़ियो पर काबू पा लिया और अपनी खिलाफ़त के दौरान मुर्तदिद को ठीक करने की कोशिश की और जिस तरह असर्रअर्ससादा के ज़माने में था उसी तरह मुस्लिम एकता को बरकरार रखा। उमर (रज़ी अल्लाहु अन्ह) जब खलीफ़ा बने तो उन्होने एक तकरीर करी: "ए रसूल के साथियों! रज़ी अल्लाहु तआला अन्हुम अजमइन। अरब सिर्फ़ तुम्हारे छोड़ो को जौ दे सकता है। फिर भी, अल्लाह तआला ने अपने प्यारे महबूब (नबी) से वादा किया कि वो मुहम्मद (अलैहि स-सलाम) की उम्मत को दुनिया के हर हिस्से में ज़मीन और घर देगा। कहाँ हैं वो सिपाही जो वादा किए हुए मुल्कों को फतह करें और इस दुनिया में माल हासिल करें और आखिरत में ग़ारज़ी और शहीद का मरतबा हासिल करे? गाज़ी कहाँ है जो अपनी ज़िंदगी और सिर की क़ुर्बानी दें और अपने घरों को छोड़ दें अल्लाह तआला के गुलामों को क्रूर के पंजो से बचाने के लिए इस्लाम की खातिर?"इन अल्फ़ाज़ के साथ, उन्होने सहाबत अल किराम (अलैहिमुर-रिज़वान) को जिहाद और ग़ाज़ा पर जाने के लिए प्ररित किया। ये उमर (रज़ी अल्लाहु अनह) की इस तकरीर का नतीजा था के इस्लामी मुल्क तीन बरआज़मों तक फैल गए और लाखों लोगो का कुफ्र की तरफ़ से पाकी

हुई। इस तकरीर पर सहाबत अल किराम (अलैहिर-रिज़वान) ने एक साथ ज़िहाद करने के लिए और मरते दम तक इस्लाम के लिए लड़ने का हलफ़ लिया। जिस तरह खलीफ़ा ने हुकूम दिया था, उसी तरह मुसलमानों ने अपने घरों को छोड़ा और अरब से बाहर निकल गए और चारो तरफ़ बस गए। उनमें से बहुत से मरते दम तक वापिस नहीं आए और वहीं रुक कर लड़ते रहे। इस तरह बहुत थोड़े अरसे में कई मुल्कों पर कब्ज़ा कर लिया गया। उन दिनो में, वहाँ पर दो बड़ी रियास्ते थी; बीजान्टिन और फारसी, मुसलमानो ने दोनो पर फतह हासिल करली। खासतौर से, फारसी सलतन्त पूरी तरह से डह गई, और उसकी सारी ज़मीन मुसलमानों के कब्ज़े में आ गई। इन मुल्कों के रहने वालों को मुसलमान बनने की इज़्ज़त दी गई, और इस दुनिया में अमन हासिल करने का और आखिरत में बेशुमार खुशियाँ हासिल करने की सआदत मिली। उसमान और अली रज़ी अल्लाहु अन्हुम के वक्त में भी, मुसलमानों ने अपने आपको ग़ज़ा के लिए वक्फ़ कर दिया। बहरहाल, उसमान रज़ी अल्लाहु अन्ह की खिलाफत के दौरान कुछ लोग खलीफ़ा के खिलाफ़ खड़े हो गए और उन्हें शहीद कर दिया। अली रज़ी अल्लाहु अन्ह के वक्त के दौरान खारिजी कोलहल उठा। मुसलमानों के बीच खिलफशार शुरू हो गया। और, क्योंकि जीत और फतेह की सबसे बड़ा ज़रिया एकता थी, उनकी खिलाफ़त के दौरान इतनी ज़मीन पर फतह हासिल नहीं की गई जितनी के उमर रज़ी अल्लाहु अन्ह के वक्त में की गई थीं।

अल-खुलफ़ा अर-राशिदीन का समय तीस साल तक चला। ये तीस साल, नबी (अलैहि स-सलाम) के दौर की तरह खुशहाली में कट गए। उनके बाद, कई बिदअते और गलत रास्ते मुसलमानो के बीच आ गए और बहुत लोग सही रास्ते से अलग हो गए। सिर्फ़ वो जिन्होने बिल्कुल सहाबत अल किराम (रज़ी अल्लाहु अतआला अन्हुम अजमईन) की तरह शरीअत को माना और अपनाया वही महफ़ूज़ रहे। उनका तरीका **अहल अस-सुन्नत वल-जमाअत** का तरीका है। ये वाहिद सही तरीका है। वो रास्ता जो हमारे नबी (अलैहि स-सलाम) और आपके साथियों ने अपनाया वही रास्ता है जो अहल अस सुन्नत (रहमतुल्लाही तआला अलैहिम अजमईन) के आलिमों के ज़रिए दिखाया गया, वक्त के साथ गलत तरीके भुला दिए गए, और ज़्यादातर मुसलमान मुल्क आज इस सही तरीके की तकलीद करते हैं। उनमें से जो अहल अस सुन्नत के साथ नहीं रहे, वो सिर्फ़ एक शिया ग्रुप है जो छूट गए। शियाओं का दावा है कि, "खिलाफ़त अली (रज़ी अल्लाहु अन्ह) का हक़ था और अबू बक और उमर (रज़ी अल्लाहु तआला अन्हुम) ने उन्हें ताकत के बल पर उनके हक़ से महरूम रखा" और वो बहुत सारे सहाबत अल किराम पर इल्ज़ाम लगाते हैं। [आज, जो अल-उम्मत अल मुहम्मदिया और मुसलमान कहलाए जाते हैं वो सब पूरी तरह से अहले सुन्नत, शिया और वहाबियों पर मुशतमिल हैं]। (वो ज़िंदीक जिन्हें अहमदिया (काएदियानी) और बहाई कहा जााता है उनका इस्लाम के साथ कोई राब्ता नहीं। दोनो ग्रुप काफ़िर हैं।)

अहल अस सुन्नत, फिकह के ज़मन में (अमल, इबादात चार मसलकों पर मुबनी है। सबसे पहला, **हनफ़ी मसलक** इल-इमाम अल-आज़ाम अबू हनीफ़ा नोमान इब्न साबित (रहमतुल्लाहि अलैहि) के ज़रिए कायम किया गया। `हनीफ़` का मतलब है एक शख्स जो सही ढंग से यकीन करे, जो इस्लाम को पकड़े। `अबू हनीफ़ा` का मतलब है सच्चे मुसलमानें का बाप। अल इमाम अल आज़ाम अस सुन्नत के चार मसालिक में से दूसरा मसलक **मालिकी मसलक** है इमाम मालिक इब्न अनस (रहमतुल्लाहि अलैहि) का। तीसरा मसलक इमाम मुहम्मद इब्न इद्रीस अश-शाफीई (रमतुल्लाही अलैह) का **शाफ़ि-ई मसलक** है। हज़रत शाफ़ी, सहाबी, एक इमाम के दादा के दादा थे। इसीलिए उनको और उनके मसलक को शाफ़ी-ई मसलक कहा जाता है। चौथा मसलक अहमद इब्न हनबल (रहमतुल्लााहि अलैहि) का **हनबली मसलक है**। [जैसे के **राद अल मुख्तार** के प्रस्तावना में इब्न अबिदीन के ज़रिए लिखा गया है, ये चारो इमाम हिजरी सालों **80, 90, 150** (**767** मीलादी) और **164** में पैदा हुए थे और बिलतरीब **150, 179,204** और **241** में रहलत फरमा गए।]

एतिकाद (यकीन) के मुताबिक, ये चारो मसलक एक दूसरे से अलग नहीं हैं। अस सुन्नत से तअल्लुक रखते हैं और उनका यकीन और मज़हब की बुनियाद एक समान है। मुसलमानों के ये चारो इमाम बड़े मुजतहिद थे और इन्हें सबके ज़रिए पहचाना और माना गया। फिर भी ये अमाल के सिलसिले (शरीअत) में कुछ छोटे मामलों में एक दूसरे से सहमती नहीं रखते।

क्योंकि अल्लाह तआला और उसके नबी (सल्लल्लाहु तआला अलैहि व-सल्लम) ने मुसलमाने पर दया की, ये कुरआन अल करीम और हदीस-अस शरीफ़ में साफ़ नहीं किया गया था कि कुछ अमल किस तरह करने चाहिए। (अगर वो साफ़ वाज़ह हो जाते, तो उनको बिल्कुल उसी तरीके से अदा करना फर्ज़ या सुन्नत हो जाता जैसे के उन्हें बताया गया था। वो जो फर्ज़ अदा नहीं करते गुनाहगार हो जाते और वो जो उन्हें हल्का समझते वो ग़ैर मुस्लिम बन जाते; मुसलमानो के लिए ज़िंफगी बड़ी मुश्किल हो जाती।) इन अमाल को उनके साथ तुलना करते हुए करना चाहिए जो वााज़ेह तौर पर बतााए गए हैं। मज़हबी आलिमों में, वो जो इस बातो को समझने में काबिल हुए कि इन अमाल को किस तरह करना चाहिए तुलना करने के बाद वो **मुज़तहिद** कहलाए। ये वाजिब था, इसीलिए, कुरआन अल करीम और अस शरीफ़ में मुजतहिद के लिए ये हुकूम हुआ कि अपनी पूरी ताकत इस बात को ढूँढंने में लगा दे कि किस तरह एक अमल अदा किया जाता है और, उसके लिए और जो उसे मानते हैं उनके लिए, इसे अपनी कटौती या चुनाव के मुताबिक इसे अदा करना होगा **(इजतिहाद),** जिसे उन्होने सोचा कि सबसे सही हल है। एक मुजतहिद की गलती इसे करने में गुनाह नहीं समझी जाएगी, और उसे उसकी कोशिश के लिए आखिरत में उसका इनाम दिया जाएग, क्योंकि आदमी को जितना वो कर सके उतना ही काम दिया जाता है। अगर वो गलती करता है, तो उसे उसकी कोशिशों के लिए एक इनाम दिया जाएगा। अगर वो पता चला ले कि क्या सही है, तो उसे दस गुना ज़्यादा इनाम दिया जाएगा। सारे सहाबत

अल किराम (रज़ी अल्लाहु अन्हुम अजमईन) बड़े आलिम थे, यानी, मुजतहिद। उनके फौरन बाद जो रहते थे, उनमें बहुत सारे इजतिहाद के काबिल आलिम थे, और उनमें से हर एक के कई लोग मानने वाले थे। वक्त के साथ, उनमें से ज़्यादातर भुला दिए गए, और अहल अस सुन्नत के दरमियान सिर्फ़ चार मसलक बचे रह गए। उसके बाद, ऐसा न हो कि कोई आगे आए और मुजतहिद होने का ड्रामा करे और एक बिदअती ग्रुप बनाले, तो अहल अस सुन्नत इन चार के अलावा और किसी मसलक की पैरवी नहीं करते। अहल अस सुन्नत में से लाखों लोग इन चार मसालिक में से एक तकलीद करते हैं। इन चारो मसलकों के यकीन एक समान होते हैं, वे एक दूसरे को गलत नहीं मानते, न ही वे एक दूसरे को बिदअती या मज़हब को छोड़ने वाला नहीं मानते। यह कहने के बाद के सही तरीका इन चार मसालिक का ही है, तो एक मुसलमान सबसे सही है। इस्लाम ने ये साफ रूप से नहीं बताया कि इजतिहाद के ज़रिए किए जाने वाले अमाल कैसे करने चाहिए, ये मुमकिन है किसी के खुद के मसलक गलत हो और बाकी तीन मसलक सही हों, और हर एक के लिए ये कहना बहतर है कि, "मैं जो मसलक मानता हूँ वो सही है, लेकिन ये गलत भी हो सकता है; बाकी तीन मसलक गलत हो सकते हैं, लेकिन वो सही भी हो सकते हैं।" इस तरह, अगर वहाँ कोई खराज (मजबूरन ज़रूरी) नहीं है, तो इस बात की इजाज़त नहीं है कि चारो मसलको को एक दूसरे के साथ मिला दिया जाए कोई चीज़ एक मसलक के मुताबिक करके और दूसरी चीज़ दूसरे के मुताबिक करके। एक शख्स को अपने आपको जिस मसलक की वो

तकलीद करता है उसके मुताबिक खुद को ढालना होता है उसकी तालीमात को सीखने के बाद जब वहाँ कोई हर्ज नहीं है। (ताहम, **हर्ज** (कठोर कठिनाई, एक काम को अपने मसलक के मुताबिक करने में नामुमकिन हो।) के मामले में, उसे इस बात की इजाज़त है के वो दूसरे मसलक की इस मामले में तकलीद करले। और ये कुछ शर्ते रखता है। उसे बाद वाले मसलक के हालात का ज़ाएज़ा लेना होगा इन मामलात के मुतअलिक जब इस विकल्प का इस्तेमाल करे। ये इबनि आबिदीन में **निकाह-ए-रिजी** के सबक की सुर्खियों में लिखा है, कि हनफ़ी मसलक के आलिमों ने इस मामलात में मालिकी मसलक की नकल करने का एक फतवा जारी किया। ज़्यादातर आलिमों ने कहा कि हनफ़ी मसलक सही होने के करीब है। इसलिए ये मसलक ज़्यादा मुस्लिम मुल्कों में कायम हुआ। तुर्कस्तान, भारत और अनातोलिया में लगभग सभी मुसलमान हनफ़ी हैं। मग़रिबी अफ्रीका पूरा मालिकी है। भारत के कुछ साहिली इलाकों में मालिकी हैं। कुर्द के दरमियान और मिस्र में, अरब और daghistau में शाफि-ई कसीर हैं। हनबली थोड़े ही हैं; एक समय में दमिश्क और बग़दाद में बहुत थे।

अल-अदिलात अश शरीअ (दस्तावेज़, इस्लाम के ज़राए) चार हिस्सों पर मुश्तमिल हैं:क़ुरआन अल-करीम, अल हदीस अश-शरीफ़, इजमा-अल-उम्मा और कियास अल-फुकह।

जब मुजतहिद कुरआन अल करीम में साफ़ नहीं देख सकते थे के किस तरह अमल अदा किया जाए, तो वो हदीस अश शरीफ़ का सहारा लेते थे। अगर वो हदीस अश शरीफ़ में भी साफ़ रूप से नहीं देख पाते थे तो वो एलान करेंगे कि ये अमल इजमा के मुताबिक अमल कराया जाएगा। (**इजमा** का मतलब है एक राए, सहमत: सारे सहाबत अल किराम की एक अमल को एक ही तरीके से करने या कहने की। इजमा तावईन के जो सहाबत अल किराम के बाद आए, वो भी एक दस्तावेज़ है। उनके बाद आने वाले लोगों ने किया कहा या किया क्या वो इजमा नहीं है, खासतौर से अगर वो आज मज़हबी जाहिल लोग हैं।)

अगर वहाँ कोई जो अमल करने का कोई इजमा से भी न मिले, तो ये ज़रूरी है कि मुजतहिद की कियास की तकलीद की जाए। इमाम मालिक (रहमतुल्लाहि अलैहि) ने कहा, इन चार दस्तावेज़ की तरह थी। उन्होने कहा, "उनकी रिवायत और असली तौर पर रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से उन सौंपी।" उन्होने कहा ये दस्तावेज़ कियास से ज़्यदा भरोसेमंद था। फिर भी, दूसरे मसलक के इमामो ने मदीना के बाशिंदों को दस्तावेज़ का एक ज़रिया नहीं समझा।

इजतिहाद के लिए तरीके दो थे। एक ईराक के 'उलेमा' का तरीका था, जिसे **राए** (पसंद) या **कियास** (तुलना) का तरीका कहा जाता था; अगर ये कुरआन अल करीम में या हदीस अश शरीफ़ में साफ़ एलान न हो कि किस

तरह एक अमल अदा किया जाएगा, तो दूसरा अमल जो सवाल किए गए अमल से मिलता हुआ हो जो कुरआन अल करीम या हदीस अस शरीफ़ में साफ़ एलान हो तो उसे ढूँढा जाए। जब वो मिल गया तो पूछे गए सवाल के अमल से उनकी तुलना की गई और उसी तरीके से उसे किया। सहावत अल किरम के बाद, इस रास्ते के मुजमईन का सरवराह इमाम अल आज़म हनीफ़ा (रहमतुल्लाहि अलैहि) थे।

दूसरा तरीका हिजाज़ के उलेमा का तरीका था, जिसे **रिवाया** (परंपरा) कहा गया। उन्होने अल-मदीनत अल-मुनव्वरा के निवासियों की रिवायत को कियास से अफ़ज़ल माना। सबसे बड़े मुजतहिद इस तरीके के इमाम मालिक (रहमतुललाहि अलैहि) थे, जो अल मदीनातु ल मुनव्वरा में रहते थे। अल इमाम अश शाफ़ी-ई और इमाम अहमद इबन हनबल (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम) ने उनकी सोहबतो में शिरकत की। इमाम मालिक का तरीका सीखने के बाद, अल इमाम अश शाफ़ी-ई बग़दाद चले गए और अल इमाम अल-आज़म (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) का तरीका उनके शार्गिदो से सीखा और इन दोनो तरीको को मिला दिया। उन्होने इजदिहाद का एक नया नज़ारिया कायम किया। क्योंकि वो एक फसीह और अरवी आदमी थे, वो आयाह और हदीस के सियाक व सबाक को समझते थे और एक मतावादिल जो उन्हें ज़्यादा ज़ोरदार लगता था उस अमल के मुताबिक उसे ढूँढते थे। अगर उन्हें उसका कोई बदल नहीं मिल पाता था ज़्यादा ज़ोरदार तो वो खुद इजतिहाद को कियास के तरीके

के मुताबिक करते थे। अहमद इबन हनबल (रहमतुल्लाहि तआला अलैहि) भी, इमाम मालिक (रहमतुल्लाहि तआला अलैहि) के तरीके को सीखने के बाद बग़दाद चले गए। वहाँ उन्होने अल इमाम अल आज़म (रहमतुल्लाहि अलैहि) के शार्गिदों से कियास का तरीका हासिल किया। फिर भी, क्योंकि उन्होने कई बड़ी हदीसो को याद किया था, इसलिए वो जिस तरह हदीस ने एक दूसरे की पुष्टि की थी पहले उसी तरह से इजतिहाद का जाएज़ा लिया। इस तरह, वो दूसरे तीन मसलक से शरीअत के उसूलों के मुतअलिक कई बातों में सहमती नहीं रखते थे।

इन चारों मसालिक का मामला एक शहर में रहने वालो जैसा है, जिसकी खास बात है, जब उन्हें कोई नई मुश्किल का सामना करना होता था वो कानून में उसे नहीं ढूँढते थे, बल्कि एक साथ इकट्ठे होकर और कानून का पक्षधर प्रेग्राफ़ की तुलना करके उसका हल निकालते थे। कभी कभी वे आपसी समझौते तक नहीं आ पाते थे। उनमें से कुछ कहते थे कि रियास्त का मकसद शहर का रखरखाव है लोगों के आराम के लिए। इसी तरह के तर्क के आधार वो मसले को सुलझाते थे उस मामले और उससे मिलते जुलते मामले के बीच की समानता को देखते हुए जिसे कानून के एक article में वाज़ेह किया गया था। ये तरीका हनफ़ी मसलक की तरह है। दूसरे शहरों से आने वाले अफ़सरों के बरताव को देखकर इस सिलसिले में उनकी नकल करते थे। वो कहते थे कि उनका बरताव रियास्त की नियत बताता है। ये तरीका मालिकी मसलक की

तरह है। कुछ लोग कानून के सियाक व सबाक़ और उनके तासुरात पढ़कर उस मामले को अदा करने का तरीका ढूँते थे। वो शाफ़ी-ई मसलक से मिलते हुए थे। और कुछ उस काम को सही करने का तरीका दूसरे कानून के लेखों को जमा करके उनको एक दूसरे से तुलना करके करने का फैसला करते थे। वो हनबली मसलक की तरह थे। इस तरह शहर के जाने माने लोग एक हल ढूँढ लेते थे और कहते थे कि उसका हल कानून के मुकाबिल है और सही है। लेकिन कानून की रज़ामंदी चारो में से सिर्फ़ एक के लिए होती थी और बाकी तीन गलत होते थे। फिर भी, उनकी कानून के साथ नारज़ामंदी उनकी कानून के विपरीत नियत की वजह से नहीं होती थी; वो रियास्त के हुकूम को बजा लाने की कोशिश करते थे। इसलिए, उनमें से कोई भी खतरनाक नहीं माना जाएगा। वो ज़ोरदार कोशिश के लिए तारीफ़ के लायक हैं। लेकिन वो जो ये ढूँढ लेते हैं कि क्या सही है वो ज़्यादा तारीफ़ के लायक हैं, और उन्हें इनाम दिया जाएगा। चारो मसालिक की हालत इसी तरह की हैं। अल्लाह तआला को जो तरीका पसंद है वो बेशक इनमें से एक है। एक मामले में जिस पर चारो मसलक एक दूसरे से असहमत हुए, उनमें एक सही है और बकी तीन गलत है। लेकिन, चूंकि हर मसलक के इनाम ने सही रास्ता ढूँढने की कोशिश की, वो जो गलत थे उन्हें माफ़ कर दिया जाएगा। उन्हें भी सवाब दिया जाएगा, क्योंकि हमारे नबी (सल्लल्लहु अलैहि वसल्लम) ने फरमाया, **"मेरी उम्मत के लिए गलती या भूलने की वजह से कोई सज़ा नहीं है।"** उनके बीच ये इखतेलाफात सिर्फ़ कुछ मामूली मामलों की तशवीश करते हैं। क्योंकि उनके बीच यकीन के

और अकसर इबादत के मामलों में रज़ामंदी होती है, यानी कुरआन अल करीम और हदीस शरीफ़ में खुले तौर पर बताए गए उसूलो पर, वो एक दूसरे पर तंकीद नहीं करते।

[**सवाल:** "वहाबी और वो जो उनकी किताबें पढ़ते हैं कहते हैं, मसलक हिजरा की दूसरी सदी में ज़ाहिर हुआ। तो सहाबा और ताबईन किस मसलक को मानते थे?"**जवाब:** एक **इमाम अल मसलक** एक अज़ीम आलिम थे जो मज़हबी तालीम जमा करते थे जो वो सहाबा-व-अल किराम से हासिल करते थे और जो वाज़ेह तौर पर कुरआन अल करीम और हदीस शरीफ़ से बयान होती थी, और उसे किताबों में सौंपते थे। जो तालीमात वाज़ेह तौर पर बयान नहीं होती थीं उनके लिए, वो उनके साथ उसकी जाँच करके तुलना करते थे जो साफ़ ऐलान की गई थीं।"मशहूर चार इमामो के ज़माने में भी वहाँ कई इमाम थे जिसके अपने खुद के मसलक थे। लेकिन जो उनकी तकलीद करते थे वो शुमार में सदियों से कम हो गए, और, उसके नतीजे में, आज कोई नहीं बचा (**अल-हकीका,** प . **318**)। हर सहाबी एक मुजतहिद थे, एक गहरे आलिम, और एक इमाम अल मसलक। हर एक का अपना मसलक था और चारों ए-इम्मात अल-मसालिक से ऊंचे और सीखे हुए थे। उनके मसलक ज़्यादा सही और ऊंचे हो सकते हैं। ताहम, क्योंकि उन्होने किताबें नहीं लिखीं, उनके मसलक भुला दिए गए। ये मुमकिन नहीं रहा कि इन चारो के अलावा किसी और मसलक की तकलीद की जाए। ये कहना, "सहाबा कौन से मसलक से

तअल्लुक रखते थे?" ये इस तरह कहना है, "किस स्कवाड्रन से कार्नल का तअल्लुक है?" या," स्कूल की कौनसी जमाअत से भौतिकी के मास्टर का तअल्लुक है?"]

ये बहुत सारी किताबों में लिखा है कि हिजरा के चार सौ सालो बाद वहाँ कोई एक भी आलिम मुतलक (पूरा) इजतिहाद अदा करने के लायक नहीं था।**अल-हकीका** के सफ़ह **318** में लिखी हदीस शरीफ़ का हवाला है कि झूठे, मज़हवी मरतबे के बिदअती मर्दो का शुमार बढ़ गया था।इस वजह से आज का हर सुन्नी मुसलमान इन चारो माने हुए मसालिक में से एक को मानता या(**तकलीद**)करता है, यानी, उसे इन चारो मसालिक में किसी एक की **इल्म अल-हाल** की किताबों को पढ़कर अपनाना होग और ईमान रखना होगा और इन किताबों के मुताबिक अपने अमाल को अदा करना होगा।इस तरह, वो इनमें से किसी एक मसलक का नुमांएदा बन जाएगा।एक सख्स जो इनमें से किसी एक की भी तकलीद नहीं करता वो एक सुन्नी नहीं बल्कि एक **ला-मज़हबी** शख्स है, जो या तो **72** बिदअती फिरकों में से किसी एक से संबंधित है या वो एक ग़ैर मुस्लिम बन गया है। ([ये हकीकत **बहर, हिंदिय्या** में **अल-तहतावी** के ज़बाइह के खंड में और **राद अल मुख्तार** के बाग़ीस के खंड में लिखी हुई है।इसके अलावा **अल-बसाइर** के सफ़ह **52** में लिखा है कि अहमद सावी की तफसीर के ज़रिए हवाला है के ऐसे ही सुरत अल कैफ़ में लिखा है।)

मीज़ना-उल-कुबरा के लेखक (रहमतुल्लाहि तआला अलैहि) ने इसकी प्रस्तावना में लिखा है। "सारे भूला दिए गए मसलक और मैजूदा चारो सही और जाईज़ हैं। उनमें कोई एक दूसरे पर फौकियत नहीं रखता क्योंकि वो इस्लाम के समान ज़राए पर मुबनी हैं। हर मसलक के पास वो चीज़ें हैं जो करने में आसमान **(रूखसा)** साथ ही साथ मुश्किल **(अज़ीमा)** भी हैं। अगर एक शख्स जो अज़ीमा कर सकता है लेकिन इसके बजाए वो रूखसा करे तो वो इस्लाम का खेल बना रहा है। वो जो उज़र [अज़ीमा करने में नाकाबिल] रखता हो वो रूखसा कर सकता है। उसका रूखसा उतना ही सवाब रखता है जैसे भी हालत हों अगर वो अज़ीमा करता। एक काबिल शख्स पर ये वाजिब है कि वो अपने मसलक का अज़ीमा करे बजाए रूखसा के। इसके अलावा अगर कुछ अमल सिर्फ़ उसके मसलक में आसान तरीके से हैं और दूसरे मसलक में मुश्किल तरीके से हैं तो उस पर वाजिब है कि वो बाद वाला अदा करे। एक शख्स को इमामत अल मसालिक में किसी एक की भी बातों को नापसंद करना नज़ार अंदाज़ करना चाहिए या अपनी खुद की राए को उनसे ऊपर नहीं समझना चाहिए। दूसरे का इल्म और समझ उसके आगे कुछ भी नहीं जब उन मुजतहिद से मवाज़ना की जाएँ (**अल मीज़ान अल कुबरा,** प्रस्तावना)। चूंकि एक शख्स के लिए जो अपने के मुताबिक कोई उज़र नही रखता, तो ये समझ वाली बात है कि दूसरे मसालिक के रूखसा को ढूँढने की इजाज़त नहीं है, जिसे मसालिक की **तलफ़ीक** कहते हैं।

दुर्र-उल-मुख़्तार किताब के मुसंनिफ़ (रहमतुल्लाहि तआला अलहि) ने अपनी प्रस्तावना में कहा और ये **राद-उल-मुखतार** जो दुर्र-उल-मुख़्तार किताब की तशरीह है इसमें भी कहा गया, ''मासालिक के रूखसा को देखना और उनके मुताबिक इबादा करना सही नहीं है।मिसाल के तौर पर, अगर एक शाफ़ी-ई की वुज़ू के साथ ज्ल्दि पर खून आ जाता है, उसका वुज़ू नहीं टूटता, जबकि एक हनफ़ी का खून निकलते हुए वुज़ू टूट जाता है; दूसरी तरफ़, एक शाफ़ी-ई की जिल्द अगर किसी ना महरम औरत की जिल्द से टच/छू जाए तो उसका वुज़ू टूट जाता है, अलबत्ता हनफ़ी मसलक के मुताबिक उसका वुज़ू नहीं टूटता।इस वजह से, अगर एक शखस की जिल्द से खून बह रहा है या एक ना महरम औरत की जिल्द से वो छू जाता है वुज़ू करने के बाद, तो ऐसे वुज़ू के साथ सलात सही नहीं होगी।इसी तरह, एक मसलक के मुताबिक कोई अमल करते हुए दूसरे मसलक की तकलीद करना बातिल (नाजाईज़, गलत) है।मिसाल के तौर पर, अगर एक कुत्ता शाफ़ी-ई को छू ले जो, मसलक के मुताबिक, अपने गीले हाथ अपने सिर के बालों वाले थोड़े हिस्से पर हल्के से फैरे वुज़ू करते हुए, ये उसके लिए सही नहीं है [कुत्ते ने जो हिस्सा छुआ है उसे धोए बग़ैर] मालिकी मसलक की तकलीद करते हुए भी।शाफ़ी-ई मसलक के मुताबिक जिस शखस को कुत्ते ने छुआ है उसकी सलात सही नहीं है।बहरहाल, मालिकी मसलक के मुताबिक, एक कुत्ता मज़हबी नापाक (नजस) नहीं है, लेकिन एक शखस को अपने सिर के पूरे बाल वाले हिस्से को गीले हाथों से मलना होगा (जब वुज़ू कर रहा हो)।इसी तरह, हनफ़ी मसलक

में दबाव में दी गई तलाक सही नहीं है।इसलिए इस शखस के लिए इस बात की इजाज़त नहीं कि शाफ़ी-ई मसलक की तकलीद करते हुए उस औरत से शादी करले जिसे वो तलाक दे चुका है जबकि हनफ़ी मसलक की तकलीद करते हुए वो उसी वक्त में उसकी बहन से शादी करा हुआ है।उलेमा की इतेफ़ाक राए के मुताबिक ये सही नहीं है एक अमल को अदा करने में **तलफ़ीक** करना, यानी, मसालिक के रूखसा को ढूँढना और उसके मुताबिक अमल करना।इन चारां मसालिक में से किसी एक की तकलीद न करते हुए कोई काम करने की इजाज़त नहीं है।" [**दुर्र-उल-मुखतार**] की प्रस्तावना, और **राद-अल मुखतार** की उसकी तशरीह।) इसके अलावा, "शाफ़ी-ई मसलक में देर दोपहर की नमाज़ें ज़ोहर और असर, मग़रिब और ईशा की नमाज़ एक साथ पढ़ सकते हैं, अगर कोई उज़र मुश्किल हो, जैसे के सफ़र या तूफ़ानी बारिश हो।हनफ़ी मसलक में इसकी इजाज़त नहीं है।यह एक हनफ़ी के लिए हराम है, जब वो सफर में हैं तो शुरूआती दोपहर के ज़ोहर के वक्त की नमाज़ देर दोपहर के अस्र वक्त की नमाज़ के वक्त में बग़ैर किसी सगीन हालात या मुश्किल के अदा करे, यह उसके लिए बिल्कुल सही नहीं है कि देर दोपहर की नमाज़ शुरूआती दोपहर के साथ अदा करे।लेकिन शाफ़ी-ई मसलक में दोनो हालतें सही हैं।जब कुछ काम करने में (मिसाल के तौर पर एक इबादत) बड़ी मुश्किल (हर्ज, मशक्कत) हो उसके खुद के मसलक के मुताबिक, उसे उस काम को करने की अपने ही मसलक में आसान तरीका (रूसखा) करने की इजाज़त है।अगर रूखसा करने में भी उसको मुश्किल हो, तो उसे उस इबादत

को करने के लिए दूसरे मसलक की तकलीद करने की इजाज़त है। लेकिन फिर उसे दूसरे मसलक में उस इवादत मे संबंधित फर्ज़ और वाजिब अमल को अदा करना होगा।" (**इबिद** सलात के वक्त अनुभाग।) एक शखस जो दूसरे मसलक की नकल करता है जब कोई अमल या इवादा करे तो उसे अपने मसलक से बाहर नहीं होना चाहिए, उसे अपना मसलक तवदील नहीं करना होगा। सिर्फ़, उस काम को करते हुए, दूसरे मसलक के भी उसूलों पर अमल करना होगा।

इवन आविदीन (रहमतुल्लाहि तआला अलैहि) ने लिखा: "अगर एक हनफ़ी जिसने बाज़ावता तौर पर एक वुज़ू करने की नियत किए बग़ैर एक वुज़ू किया इस वुज़ू के साथ उसने इवतेदाई दोपहर की नमाज़ अदा की, इसकी इजाज़त है; अगर वो देर दोपहर की नमाज़ के वक्त के बाद एक शाफ़ी-ई बन जाता है इस वुज़ू के साथ, तो ये सही नहीं है। उसे बाज़ावता तौर पर पहले एक वुज़ू करने की नीयत करनी होगी और दोबारा वुज़ू अदा करना होगा। (**राद अल-मुखतार, p.542.** शाफ़ी-ई मसलक में बाज़ावता नीयत करना फर्ज़ है, जवकि हनफ़ी में ये फर्ज़ नहीं है।)

अगर एक शखस दुनियावीं तहफ़ुज़ात के लिए अपना मसलक तवदील करता है बग़ैर किसी मज़हवी ज़रूरत या इल्म के मुतअल्लिक ज़रूरत के बग़ैर, वो इस्लाम का एक खेल बनाते हैं। उसे सज़ा मिलनी चाहिए। इस बात का डर है कि वो बग़ैर ईमान के मर सकता है। अल्लाह तआला ने ऐलान किया: **'उनसे**

पूछो जो जानते है।' इस वजह से, ये वाजिब हो जाता है कि एक मजतहिद से पूछा जााए, यानी एक मसलक की तकलीद की जाए।एक मसलक की तकलीद करना या तो ये कहकर जो शखस का मसलक है या, बग़ैर कहे, उसके साथ रहने का अपने दिल में इरादा करते हुए।एक मसलक को मानने का मतलव है माइ अल मसलक की तालीमात के मुताविक पढ़ना, सीखना और अमल करना।एक शखस से कहकर मसलक में शामिल नहीं हो सकता कि, मैं हनफ़ी हूँ; या मैं शाफ़ी-ई हूँ; बग़ैर उसे जाने हुए।ऐसे लोगों को इल्म अल हाल की किताबों से और मज़हवी आकाओं से इबादात को करने के अमल को सीखना होगा। (**राद अल-मुखतार** , ताज़ीर पर अनुभाग।)

''एक शखस जो मसलकों को हकीर समझता है और कुछ करने के लिए आसान तरीके पाने के लिए अपना मसलक बदलता है [यानी, जो मसालिक को एक करता है और उनके रूखास को चुनता है और एकट्ठा करता है] उसे गवाह के तौर पर कुबूल नहीं किया जा सकता।'' (**इबिद** गवाह पर अनुभाग।) इबन आबिदीन ने अपनी प्रस्तावना में कहा है कि खलीफा अर रशीद ने इमाम मालिक से कहा, ''मैं तुम्हारी किताबों को सारे मुस्लिम मुल्कों में फैलाना चाहता हूँ और सब को सिर्फ इन किताबों की तकलीद करने को कहूँगा।'' इमाम मालिक ने जवाब दिया,'' ए खलीफ़ा! ऐसा मत करिए! मसालिक में मुखतलिफ़ उलेमा उम्मत पर अल्लाह तआला की हमदर्दी है।हर

कोई जिस मसलक को पसंद करता है उसी की तकलीद करता है।सारे मसालिक सही हैं।"

एक **मोमिन** या **मुस्लिम** या **मुसलमान** वो है जो इस्लाम की **तालीमात** पर यकीन रखे जिन्है इंसानियत को मुहम्मद (अलैहि स-सलाम) के ज़रिए अल्लाह तआला ने भेंजी और जो मुसलमान मुल्कों में फैली हुई हैं।ये तालीमात कुरआन अल करीम में और हज़ारों हदीसों में ऐलान की गई हैं।सहाबत अल किराम ने इन्हें नवी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से सुनीं।**सलाफ़ अस-सालिहीन** यानी इस्लाम के उलेमा ने जो सहाबत अल किराम के बाद दूसरी और तीसरी सदी में आए, इनको अपनी किताबों में लिखा जिसे उन्होने बराहेदास्त सुना या उनके ज़रिए जिन्होने इसे सहाबत अल किराम से सुना।इस्लामी उलेमा जो उनके बाद आए उन्होने सलफ़ अस सालिहीन के ज़रिए बताई गई तालीमात की तशरीह की मुखतलिफ तरीके से की और एक दूसरे से मुखतलिफ़ की, इस तरह बहतर ग्रुप यकीन की तालीमात के मुतअलिक वुजूद में आए।उनमें से सिर्फ़ एक ग्रुप ने अपने विचार और राए की तकलीद नहीं की या तबदील या अपनी तशरीह में किसी चीज़ का इज़ाफ़ा नहीं किया।ये ग्रुप सही अकीदे के साथ **अहल अस सुन्नत** या **सुन्नी** कहलाते हैं।बाकी बहतर ग्रुप जो गलत तशरीह और ग़ैर वाज़ेह आयात और हदीसों की वज़ाहत के नतीजे में इन ग्रुप को **बिदअत** (या **दलाल,** इनहेराफ़, मुश्रिक) या **ला-मज़हबी** कहलाए जाते हैं; वो भी मुसलमान होते हैं, लेकिन वो बिदअत में होते हैं।

अपने मामलात में ज़रूरत थी।इस तरह, उन्होने सख्त मेहनत की बहुत कुछ मुसलमानों के लिए छोड़ा।

अल इमाम अल-आज़ाम अबू हनीफ़ा (रहमतुल्लाहि अलैहि) ने फिकह की तालीम को इकट्ठा किया, इसे शाखाओ और ज़ेली शाखाओं में दर्जा बंदी की, और उसके लिए उसूल (तरीके) मरतकिब किए।उन्होने एतिकाद का इल्म भी इकट्ठा किया जैसा कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने और अस सहावत अल किराम (रिज़वान अल्लाहि अलैहि अजमईन) ने तबलीग़ की, अपने हज़ारों शार्गिदों को उन्हें सीखाया उनके शार्गिदों में से कुछ इल्म अल कलाम के माहिर बन गए, यानी, ईमान की तालीमात में।उनमें से अबू बक्र अल जुरजानी इमाम मुहम्मद अश शैबानी के शार्गिदों में से एक मश्हूर हुए।और अबू नसर अल-इयाद, उनके शार्गिदों में से एक ने अबू मनसूर अल-मातरीदी को इल्म अल-कलाम में तालीम याफ़ता किया।अबू जैसे के वो अल इमाम अल आज़म (रहमतुल्लाहि तआला अलैहि) से आई हैं।बिदअतियों एतिकाद को जमाया।दूर दूर तक इसे वस्वीह तौर पर फैलाया।वो **333** (**944** ए . डी) में समरकंद में फौत हो गए।ये अज़ीम आलिम और दूसरे आलिम अबु ल-हसन अल-अशारी अहल अस- सुन्नत के **एतिकाद के मसालिक के इमाम** कहलाए जाते हैं।

फिकह के आलिम सात दर्जो में ग्रुप किए गए हैं। कमाल पाशा ज़हद अहमद इबन सुलैमान एफंदी (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) ने अपने काम वक्फ़ अन-नियात, में इन सात दर्जो को मंदरजाज़ेल वाज़ेह कियाः

1 इस्लाम के मुजतहिद, जिन्होने मज़हब के चारों ज़रियों से उसूलों के तरीके और उसूल हासिल किए (आदिल्ला-ए-अरबा) और उसूलों को अपने कायम किए हुए उसूलों के मुताबिक माख्रूज किया। चार **अइम्मात अल-मसालिक** इन में से थीं।

2 एक मसलक में मुजतहिद, जो, मसलक के इमाम के ज़रिए तैयार किए गए उसूलों की ताकलीद करते हैं, चारों ज़रियों से कवानीन माख्रूज़ करते हैं। वो हैं इमाम अबू यूसुफ़, इमाम मुहम्मद, वगैराह (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम अजमईन)।

3 मामलों (मसअला) पर मुजतहिद, जो मसलक के बानी की तरफ़ मामलात के लिए निमटाए नहीं गए, उन्होने मसलक के तरीको और मामलात का इस्तेमाल करते हुए कवानीन माख्रूज़ किए। अभी तक ऐसा करने में, उन्हें इमाम की तकलीद करनी पड़ती थी। वो अत-तहावी (**238-321** ए . एच . मिस्र में), हस्साफ़ अहमद इबन उमर (डी . **261**, बग़दाद में), अबदुल्लाह इबन हुसैन अल-करखी (**340**), शमस अल-अइम्मा अल-हलवानी (**456**, बुखारा में), शमस अल-अएम्मा अस-सरहसी (**483**), फख़र-उल इस्लाम 'अली इबन

मुहम्मद अल-पज़दवी (**400-482**, समरकंद में), कादी खान हसन इबन मनसूर अल-फरग़ानी (**592**), वग़ैरह (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम अजमईन) थे।

4 असहाब अत-तखरीज, जो इजतिहाद को काम में लेने के काबिल न थे। वो आलिम थे जो मुख्तसिर तौर पर मुजतहिदों से हासिल किए गए कवानीन को मुख्तसिर तौर पर वाज़ेह बयान करते थे। हसाम अंद-दीन अर-राजी अली इबन अहमद (ड़ी**593** ए एच . दमिक्श में) उनमें से एक थे। उन्होने (रहमतुल्लाहि तआला अलैहि) **अल-कुदरी** के लिए एक तफ़सीर लिखी।

5 अरबाब अत-तरजीह, जिन्होने मुजतहिदों से आई हुई कई रिवायत (मुजतहिद की रिवायत या राए बयान करने के तौर पर) में से एक को तरजीह दी। वो अबु ल हसन अल-कुदूरी (**362-428** ए . एच, बग़दाद में) और बुरहान अद दीन अली अल-मरग़नानी, **अल-हिदाया** के लेखक, जिन्हें चंगेज़ के सिपाहियों ने बुखारा कत्ले आम में **593** ए . एच [**1198** ए . डी] में शहीद कर दिया था, सब थे।

6 जिन्होने अपनी मज़बूती के एहतराम के लिए एक तरतीब से एक मामले के बारे में मुख्तलिफ़ रिवायत लिखीं वो मुकल्लिद कहलाते हैं। वो अपनी किताबों में कोई मना की हुई रिवाया को नहीं शामिल करते। अबूल-बराकत अबदुल्लाह इबन अहमद अन-नसफ़ी (डी . **710** ए . एच), **कंज़ अद-दकाईक**

के लेखक, अबदुल्लाह इबन महमूद अल- मसूली (डी . 683), **मुखतार** के लेखक; बुरहान अश- शरीअ महमूद इबन सदर अश-शरीअ उबैद-अल्लाह (डी . 673), **अल-विकाया** के लेखक; और इबन अस- सा आती अहमद इबन अली अल-बग़दादी (डी . 694), . **मजमअ अल-बहतरीन** के लेखक, उनमें से कुछ थे। (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम अजमईन)।

7 वो भी मुकल्लिद थे फिकह के आलिमों में शुमार किए जाते थे क्योंकि जो वो पढ़ते थे उसे समझ सकते थे, और मुकल्लिदों को उन्हें वाज़ेह करते थे जिन्हें वो समझ नहीं पाते थे।)जो कमज़ोर रिवायत को हकीकी वालो से इमतियाज़ करने में नाकांबिल हैं।

3-अल-इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा (रहमतुल्लाहि तआला अलैहि)

कामूस अल-आलम किताब से रिवायत हैः अल-इमाम अल आज़म अबू हनीफ़ा का नाम नोमान था। उनके बाप का नाम साबित था। उनके दादा का नाम भी नोमान था। वो अहले सुन्नत के चार बड़े इमामों में पहले थे। **'इमाम'** का मतलब है गहराई से सीखा हुआ आलिम। वो मुहम्मद (अलैहि स-सलाम) के शानदार मज़हब के अहम सुतूनों में से एक थे। वो फारसी की काबिले ज़िकर नसल में से थे। उनके दादा ने इस्लाम को गले लगाया वो **80**

(**698** ए .डी .) में कूफ़ा में पैदा हुए। वो अनस इबन मालिक, अबदुल्लाह इबन अबी ओफ़ा, सहल इबन साद अस-सैदी और अबू अल-फ़ज़ल आमिर इबन वासिला, चार सहाबियों (रज़ी अल्लाहु तआला अनहुम) को दौर देखा। उन्होने इल्म अल-फिकह को हम्माद इबन अबी-सुलैमान से सीखा उन्होने कई काबिले ज़िकर ताबईन की और इमाम जाफ़र अस-सादिक रहमतुल्लाहि तआला अलैह की सोहबत हासील की। उन्हें बेशुमार हदीसें याद थीं। उनकी परवरिश इस तरह हुई थी कि उन्हें एक आदा जज बनना था, लेकिन वो एक इमाम अल मसलक बन गए। वो एक आला और हैरत अंग्रेज़ गहरी अकल के मालिक थे। इल्म अल-फिकह में, थोड़े ही अरसे में उन्होने बेमिसाल ग्रेड हासिल किए। उनका नाम और शौहरत दुनिया भर में हो गई।

यज़ीद इबन अमर, ईराक का गर्वनर मरवान इबन मुहम्मद चौदहवाँ और आखिरी उमय्यद खलीफ़ा के दौर में, जो मरवान इबन हकम (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) का पौता और जो खिलाफत ल्होने के पाँच साल बाद मिस्र में **132** (**750** ए डी) में कत्ल कर दिया गया, उसने अबू हनीफ़ा (रहमतुल्ल्लाहि तआला अलैह) को कूफ़ा की कानूनी अदालत का जज बनने की तजवीज़ दी। लेकिन, चूँक उनके पास जितना ज़ुहुद, तकवा और वरा था उतनी ही तालीम और अकल थी, तो उन्होने इंकार कर दिया। उनको डर था कि वो इंसानी हुकूक की हिफ़ाज़त नहीं कर पाएंगे इंसानी कमज़ोरियों की वजह से। यजीद, के हुकूम से, **110** सिर पर कोढ़े लगाए गए। उनका मुबारक चेहरा

और सूज गया। दूसरे दिन, यज़ीद इमाम को बाहर ले गया और अपनी पेशकश दोबारा उन्हें देकर ज़ुल्म किया। इमाम ने कहा, “मुझे सलह करने दो ,” और जाने की इजाज़त माँगी। वो मुबारक शहर मक्का चले गए और वहाँपर पाँच या छः साल रहे।

अब्बासी खलीफ़ा अबू जाफ़र मनसूर (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) ने **150** ए . एच में [**767** ए . डी.] में सुप्रिम कार्ट के अपील के चीफ़ होने के लिए हुकूम दिया। उन्होने उसे मना कर दिया और उन्हों जेल में डाल दिया गया। उन्हें हर दिन दस कोढ़े ज़्यादा मारने की रज़ा मिली। जब कोढ़े की तादाद **100** पहुँच गई, वो शहीद हो गए। अबू साद मुहम्मद इबन मनसूर अल-खावारिज़मी (रहमतुल्लाहि तआला अलैह), मलिकशाह (**447-485** ए . एच, तीसरे सतजुकी सुल्तान और सुल्तान अलपरसलन के बेटे) के विज़ीरों में से एक ने, उनकी कब्र पर एक खुबसूरत गुंबद बनवाया। बाद में, उसमानिया सुल्तानो ने इसे सजाया और उनके मकबरे को कई बार बहाल किया गया।

अबू हनीफ़ा (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) सबसे पहले थे जिन्होने इल्म अल-फिकह की दर्जा बंदी की इकट्ठा किया, और उन्होने हर इल्म की शाखा के लिए जानकारी इकट्ठा की। उन्होने **फर्राज** और **शुरूत** किताबें लिखी। वहाँ पर बेशुमार किताबें हैं जो उनके फिकह के वसीह इल्म को वाज़ेह करती हैं; उनकी कियास में ग़ैर मामूली काबिलियत; और उनकी ज़ुहद तकवा, कोमलता और

सच्चाई में हक्का बक्का कर देने वाली बरतरी को वाज़ेह करती हैं। उनके बहुत सारे शार्गिद थे, उनमें से कुछ आला मुजतहिद बने।

उसमानिया सलतनत के वक्त में हनफ़ी मसलक दूर दूर तक फैला ये लगभग रियास्त का सरकारी मसलक बन गया था। आज, ज़मीन पर आधे से ज़्यादा मुसलमान और ज़्यादातर अहल अस सुन्नत हनफ़ी मसलक के मुताबिक इबादत अदा करते हैं। **कामूस-उल आलम** किताब से हवाला यहाँ खत्म होता है।

मीरात अल-काएनात से रिवायत हैंः

अल-इमाम अल आज़म (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) के पूर्वज इरान के फारिस सुबे से आए थे। उनके बाप, साबित इमाम अली (रज़ी अल्लाहु अनह) से कूफ़ा में मिले और हज़रत अली ने उन पर और उनकी नसल दुआ दी। अल इमाम अल-आज़म ताबईन में सबसे आला थे और अनस इबन मालिक (रज़ी अल्लाहु अनह) और तीन या सात से ज़्यादा अरन-सहाबत अल किराम को देखा। उन्होने उनसे-हदीस-शरीफ़ सीखीं।

एक हदीस शरीफ़, जिसे अल-इमाम अल-खारिज़मी ने अबू हुरेरा (रज़ी अल्लाहु अनह) से इसनाद मुत्तसिल (नामानिगारो की निरंतर ज़ंज़ीर) के ज़रिए सुचना ली, हवाला हैः **"मेरी उम्मत के दरमियान, एक आदमी आएगा जिसे अबू हनीफ़ा बुलाएंगे। उठाए जाने वाले दिन वो मेरी उम्मत की रोशनी**

हापेगा।"दूसरी हदीदस शरीफ़ से रिवायत हैः **"एक आदमी नौमान इबन साबित नाम का और जिसे अबू हनीफ़ा बुलाया जाएगा वो आएगा और अल्लाह तआला के मज़हब और मेरी सुन्नत को फिर से जानदार करेगा।"** और एक दूसरी से रिवायत हैः **"हर सदी में, मेरी उम्मत की एक बड़ी तादाद ऊँचे दर्जो को हासिल करेगी।अबू हनीफ़ा अपने वक्त के सबसे ऊँचे होंगे।**ये तीन हदीसें **मौजूआत अल-उलूम** और **दुर्र अल-मुखतार** किताब में लिखी हैं।ये हदीस शरीफ़ भी बहुत मश्हूर हैंः **"मेरी उम्मत के दरमियान, एक आदमी अबू हनीफ़ा दिखाई देगा।उसके दोनो कंधो के बीच एक खुबसूरत निशान होगा।अल्लाह तआला अपना मज़हब उसके हाथों फिर से ज़िंदा कराएगा।"**

दुर्र अल-मुखतार की प्रस्तावना में लिखा हैः "एक हदीस शरीफ़ से रिवायत हैः **"जैसे कि आदम (अलैहि-स-सलाम) को मुझ पर गर्व था इसलिए मुझे अपनी उम्मत के नौमान नामी एक आदमी जिसे अबू हनीफ़ा बुलाया जाता है उस पर गर्व है।वो मेरी उम्मत की रोशनी है।"** एक दूसरी हदीस शरीफ़ से रिवायत हैः **"नबी (अलैहिमु-स-सलाम) मुझ पर गर्व करते हैं और मैं अबू हनीफ़ा पर करता हूँ वो जो उससे प्यार करते हैं वो मुझ से प्यार करते हैं।वो जो उसकी तरफ़ दुश्मनी रखते हैं वो मेरी तरफ़ भी दुश्मनी रखते हैं।"** ये हदीसें **अल-मुकददिमा** गहरे आलिम हज़रत अबू ल-लैज़ अस समरकंदी के ज़रिए किताब में और **तकददुमा,** जो सावका की तफ़सीर हैं उसमें लिखी हुई हैं।फिकह की किताब **अल मुकददिमा** अल ग़ज़नवी के ज़रिए प्रस्तावना में

उसकी तारीफ़ में हदीसें बयान हैं। **दिया अल-मानवी** में, एक तफसीर में, कादी अबी ल-बका ने कहा, 'अबू ल-फर्ज' अबद अर-रहमान इबन अल-जौजी, अल-खतीब अल बग़दादी के लफ़ज़ों पर मुबनी हैं, कि ये हदीसें मौंजू हैं। अब तक उनका कहना तअसुबी था, इसके लिए कोई हदीसें बहुत सारे ट्रांसमीटरो खज़िंज़ीर से सूचना दे चुकी हैं। इबन आबिदीन ने अपनी **दुर्र अल-मुख्तार** की तफ़सीर में, साबित किया के ये हदीसें मौंजू/mawdu नहीं हैं और इबन खजर अल-मक्की के ज़रिए **अल-खेरात अल-हिसान** किताब में मंदरजाज़ेल हदीस शरीफ़ बयान हैंः **"दुनिया का गहना 150 साल में ले लिया जाएगा।"** फिकह क अज़ीम आलिम शमस अल-अएम्मा अबद अल-ग़फ्फ़ार अल-करदारी (d.562/1166 ए.डी) ने कहा, ये ज़ाहिर है कि ये हदीस शरीफ़ अल-इमाम अल आज़म अबू हनीफ़ी से मुराद है, क्योंक वो 150 में फौत हो गए थे।" अल-बुखारी और मुस्लिम में दी हुई हदीस शरीफ़ कहती हैं, **"अगर ईमान ज़ोहरा सय्यारे पर चला गया, तो एक फारिस** (pessian) **नसल का आदमी उसे वापिस ले आएगा।"** इमाम अस-सयूती, एक शाफ़ी-ई आलिम ने कहा, "ये इतिफ़ाक राए से नशर किया गया कि ये हदीस शरीफ़ अल इमाम अल-आज़म से मुराद हैं।" नौमान अलूसी किताब **ग़ालियाा** में लिखते हैं के ये हदीस-शरीफ़ अबू हनीफ़ा से मुराद है और उनके दादा एक फरिस/फारसी कुंवे की नसल से थे। 'अल्लामा यूसुफ़, एक हनबली आलिम, अपने काम तनवीर अस-सहीफ़ा में हाफ़िज़ अल्लामा यूसुफ़ इबन अबद अल-बर्र (बी. 368/978 और डी. 463/1071 शातिब बामें) लिस्बन, पुर्तगाल के कादी, से बयान हैंः

'अबू हनीफ़ा को बदनाम मत करो और जो उन्हें बदनाम कर रहे हैं उन पर यकीन मत करो! मैं अल्लाह तआला की कसम खाता हूँ के मैं उनसे ज़्यादा बरतर किसी आदमी को नहीं जानता,।जो अल-खतीब अल-बग़दादी कहता हे उस पर यकीन मत करो! वो उलेमा की तरफ़ मुनफर/खिलाब तबीयत का है।वो अबू हनीफ़ा, इमाम अहमद और उनके शार्गिदों को बदनाम करता है।इस्लाम के उलेमा ने उसकी मज़मत की और उसे खारिज कर दिया।इबन अल-जौज़ी के पौते, 'अल्लामा यूसुफ़ शमस अद-दीन-अल बग़दादी ने और **40** जिल्दो वाली किताब **मिरात अज़ ज़मान** में लिखा कि वो हैरान था कि उसके दादा अल-खतीब की तकलीद करते थे।इमाम अल-ग़ज़ाली (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) ने अपनी **हया** में इमाम अल-आज़म की 'आबिद, ज़ाहिद और अल-आरिफ़ बिल्कुल जैसे अलफ़ाज़ से तारीफ़ की।अगर सहाबत अल-किराम और इस्लाम के उलेमा एक दूसरे से मुखतलिफ़ नज़रिया रखते थे, ये इस वजह से नहीं था के वो एक दूसरे के लफ़्ज़ो को रज़ाामंद नहीं करते थे या वो एक दूसरे से मिलनसार नहीं थे या वो एक दूसरे को नापसंद करते थे; मुजतहिद (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम अजमईन) एक दूसरे से अल्लाह तआला की रज़ा के लिए और इस्लाम की खिदमत के लिए इजतिहाद के मामले में एक दूसरे से नाइत्तिफाक़ी रखते थे।(ये **सआदत-ए-अबदिया** के दूसरे हिस्से में वाज़ेह कि एक **मौज़ू हदीस** का मतलब इल्म अल-उसूल अल-हदीस में 'गलत' हदीस बनाना नहीं है।)

एक आलिम ने रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को सपने में देखा और आपसे पूछा, "आप अबू हनीफ़ा की तालीम के बारे में क्या कहते हैं?" आपने जवाब दिया, "हर किसी को उसके इल्म की ज़रूरत है।" एक दूसरे आलिम ने अपने सपने में पूछा, "या रसूलुल्लाह! आप नौमान इबन साबित जो इल्म रखता है उसके बारे में क्या कहते हैं, जो कूफ़ा में रहता है?" आपने जवाब दिया, "उससे सीखो और जैसा वो कहें वैसा करो।वो एक अच्छा इंसान है।" इमाम अली (रज़ी-अल्लाहु अनह) ने कहा, अबू हनीफ़ा का दिल इल्म और हिकमा (अकल) से भरा है।दुनिया के आखिर में, बहुत सारे लोग नाश हो जाएंगे उनकी सराहना न करने की वजह से, जिस तरह शिया अबू बक्र और उमर (रज़ी अल्लाहु अनहुमा) की सराहना न करो की वजह से फना होंगे।" इमाम मुहम्मद अल-बाकिर इबन जैन अल-आबिदीन अली इबन हुसैन (रहमतुल्लाहि अलैहिम, बी . **57** ए. एच . मदीना में दफ़न हैं) ने अबू हनीफ़ा को देखा और कहा, जब वो जो मेरे बुर्जुगो का मज़हब मसख कर रहें हैं उनकी तादाद बढ़ जाएगी, तुम उसे बहाल करोगे।तुम जो डरे हुए होंगे उनके मुहाफिज़ होंगे और जो उलझन में होंगे उनकी पनाहगाह! तुम बिदअतियों को सही रास्ते पर रहनुमाई करोगे! अल्लाह तआला तुम्हारी मदद करे! "जब वो जवान थे, अल-इमाम अल-आज़म (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) ने इल्म अल-कलाम और मअरिफ़ा पढ़ा और बहुत काबिल बन गए।इमाम हम्माद की **28** सालों तक खिदमत करने के बाद उन्हें पुख्तगी हासिल हुई।जब हम्माद का इंतेकाल हो गया तो, उन्होने मुजतहिद और मुफ़्ती के तौर पर उनकी जगह

ली।उनका इल्म और अफ़ज़लियत दूर दूर तक फैल मशहूर हो गई।उनकी नेकी, होशियारी, अकलमंदी, जुहद, तकवा, अमानत, अकल की आमादगी, इस्लाम की अकीदत, रास्तवाज़ी और हर मामले में कामिल इंसान वो अपने वक्त के सारे लोगो से ऊपर थे।सारे मुजतहिद और जो उनसे आगे बढ़े और महान लोग-यहाँ तक की ईसाई भी- उनकी तारीफ़ करते थे।अल-इमाम अस शाफ़ी-ई (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) ने कहा, "सारे फिकह के आदमी अबू हनीफ़ा के बच्चे हैं।" उन्होने एक बार कहा," मुझे दुआएँ (तब्वरूक) मिलीं अबू हनफ़ी की [रूह से]।मैं उनके मकबरे पर रोज़ जाता था।जब मैं किसी मुश्किल में होता था तो, उनके मकबरे पर जाकर दो रकअत नमाज़ पढ़ता था।मैं अल्लाह तआला से दुआ करता था, और जो मैं चाहता था वो मुझे देता था।" अल इमाम अस शाफ़ी इमाम मुहम्मद के शार्गिद थे। (अल इमाम मुहम्मद अस-शैवानी अस-शैवानी और इमाम अबू यूसुफ़ (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम थे।) उन्होने कहा, "अल्लाह तआला ने दो लोगो के ज़रिए मुझ पर इल्म निछावर किया।मैने हदीस शरीफ़ सुफ़यान इबन उयेना से फिकह मुहम्मद अस-शौवानी से सीखा।" उन्होने एक बार कहा, "मज़हबी इल्म और दुनियावी मामलो के मैदान में, वहाँ सिर्फ़ एक शख्स हैं, जिसका मैं शुक्र गुज़ार हूँ।वो इमाम मुहम्मद हैं।और दोबारा अल इमाम शाफ़ी ने कहा, "इमाम मुहम्मद से जो मैंने सीखा और लिखा उन्हें एक जानवर किताबो से लादा जा सकता है।मैं कोई इल्म हासिल नहीं कर सकता था अगर वो मेरे उस्ताद न होते।सारे इल्म

के आदमी इराक के ‘उलेमा’ के बच्चे हैं, जो कूफ़ा के उलेमा के शार्गिद थे। और वो अबू हनीफ़ा के शार्गिद थे।”

अल-इमाम अल-आज़म ने चार हज़ार लोगों से इल्म हासिल किया।

हर सदी के उलेमा ने अल इमाम अल-आज़म की अज़मत वाज़ेह करते हुए बहुत सारी किताबें लिखीं।

हनफ़ी मसलक में, पाँच लाख मज़हबी मसाईल हल किए गए और उन सबका जवाब दिया गया।

अल-हफ़ीज़ अल-कबीर अबू बक्र अहमद अल-खारिज़मी ने अपनी किताब **मसनद** में लिखा, “सैफ़ अल-अइम्मा ने बताया कि जब अल-इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा कुरआन करीम और हदीस शरीफ़ से एक मामला लेते थे, तो वो इसे अपने आकाओं के सामने पेश करते थे। वो सवाल पूछने वाले का जब तक जवाब नहीं देते जब तक वो सारे उसकी पुष्टि न कर दें।” जब वो कूफ़ा शहर की मस्जिद में पढ़ाते थे तो एक हज़ार उनके शार्गिद उनकी सारी कलासों में भाग लेते थे। उनमें से चालीस मुजतहिद थे। जब वो एक मामले का जवाब ढूँढ लेते थे तो उसे अपने शार्गिदो का बयान कर देते थे। वो एक साथ मिलकर उसका मुतालअ करते थे और, जब वो सारे इस बात से सहमत हो जाते थे कि वो कुरआन अल करीम और हदीस शरीफ़ के मुतावातिर हैं और सहाबत अल-किराम के लफ़्ज़ों के साथ, तो वो बहुत खुश होते थे और कहते

थे, "अलहुम्दु लिल्लाह वल्लाहु अकबर," और वो सब जो मौजूद होते थे उनके अलफ़ाज़ दोहराते थे। फिर उसके बाद वो इसे उन्हें लिखने के लिए कहते थे।

[**राद्ध अल-वहाबी**] सबसे पहले **1264** (**1848** ए . डी़) में भारत में छापी गई; **1401** (**1981** ए . डी) में इस्तांबुल में फारसी में दुबारा छापी गई।) किताब में लिखा है; **मुजतहिद** होने के लिए सबसे पहले अरबी ज़बान और मुखतलिफ़ लिसानी उलूम जैसे के औदत, सहीह, मखी, मुत्तवातिर, राद के तरीके; मौंज़ू लुग़त; फसीह, रदी और मज़मून शक्लें; मुफ़दर, शाज़, नादिर, मुसतमल, मुहमल, मुरब, मारिफ़ा, इस्हतिकाक, हकीका, मजाज़, मुशतरक, इज़दाद, मुतलक, मुकय्यद, इबदाल और कलब इन सब में माहिर होना चाहिए। उसके बाद तुम्हें सर्फ़, नूह, मआनी, बयान, बदी, बलाग़ात, इल्म अल-उसूल अत-तफसीर में भी माहिर होना चाहिए, और जरह और तअदिल के इमामों के लफ़्ज़ो याद करना चाहिए। इसके अलावा, एक **फकीह** होने के लिए ज़रूरी है, कि हर मामले में सुबूत जानना और मुराद और तावील के सुबूत के मआनी का मुतालअ करना। **मुहदिस** होने के लिए, यानी, हदीस का आलिम होने के लिए सिर्फ जैसे के उसे सुना जाए उन्हें याद करलें; इस्लाम के उसूल के लिए मआनी, मुराद, तावीले, या उनके सुबूतों को समझना ज़रूरी नहीं है। अगर एक फकीह और मुहदिस किसी हदीस शरीफ़ के बारे में असहमत हो जाते हैं, मिसाल के तौर पर, अगर पहला कहे के ये सही है और दूसरा कहे कि ये दाई फ़/जाईज़ है, तो फकीह के लफ़्ज़ जायज़ हैं, इसलिए, अल इमाम

अल-आज़म के लद्ज़ या फैसला ज़्यादा कीमती है बाकी सब दूसरे से क्योंकि वो पहले मुजतहिद थे और सब से ज़्यादा अज़ीम फकीह उन्होने बग़ैर किसी मदाखलत के बहुत सारी हदीसें नराहेरास्त सहाबत अल किराम से सुनीं।एक हदीस शरीफ़ जो इस अज़ीम इमाम ने कही कि सही हैं वो सारे इस्लामी आलिमों के ज़रिए सही कही गई थी।एक मुहदिस एक फकीह के दर्जे में नहीं आ सकता।और वो इमाम अल मसलक के दर्जे पर भी कभी नहीं पहुँच सकता।

अबदुलहक-देहलवी, हदीस के एक आलिम ने, अपनी किताब **सिरात-ए-मुसतकीम** में लिखा, "कुछ हदीसें जो अल-इमाम अस शाफ़ी ने दस्तावेज़ के तौर पर लिए उन्हें अल इमाम अल आज़म अबू हनीफ़ा ने दस्तावेज़ के तौर पर नहीं लिया।ये देखकर, ला-मज़हबियों ने इसे अल इमाम अल-आज़म को बदनाम करने के मौके के तौर पर लिया और दावा किया कि अबू हनीफ़ा हदीस-शरीफ़ की तकलीद नहीं करते।अगरचे, हज़रत अल इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा ढूँढकर दूसरी हदीसें लेते थे जो कि उस मामले की दस्तावेज कारी में ज़्यादा सही और काबिले एतमाद थीं।"

एक हदीस शरीफ़ से रिवायत हैः **"सबसे ज़्यादा मेरी उम्मत में फायदेमंद वो है जो मेरे वक्त में रहे।अगले सबसे ज़्यादा फायदेमंद लोग वो हैं जो उनके बाद आए।और अगले सबसे ज़्यादा फायदेमंद वो हैं जो उनके बाद आएंगे।"** ये हदीस शरीफ़ दिखाती हैं कि ताबिऊन तावा ऊत ताबईन से ज़्यादा फायदेमंद थे।इस्लामी उलेमा सब इस बात से सहमत थे कि अल इमाम

अल आज़म अबू हनीफ़ा ने कुछ सहाबत अल-किराम को देखा, उनसे हदीसें सुनीं, और, इसलिए, ताबिइन में से एक हैं।मिसाल के तौर पर, अल-इमाम अल- आज़म ने अबदुल्लाह इबन औफ़ा, जोकि एक सहाबी थे, उनसे एक हदीस सुनीं, **"एक शख्स जो अल्लाह की रज़ा के लिए एक मस्जिद बनवाता है उसे जन्नत में एक महल मिलेगा।"** जलालुददीन अस-सुयूती, एक शाफ़ी-आलिम ने अपनी किताब **तबयीद अस-सहीफ़ा** में लिखा। अल इमामा अबदुलकरीम, शाफ़ी-ई आलिमों में से एक ने, अल इमाम अल-आज़म ने जिन सहाबियों को देखा था उनका बयान करते हुए एक पूरी किताब लिखी।ये **दुर्र अल-मुख्तार** में लिखा है कि अल इमाम अल-आज़म ने सात सहाबियों को देखा।चारों अइम्मात अल मसालिक में से, सिर्फ़ अल इमाम अल-आज़म को एक ताबिइन होने का शर्फ मिला।**इल्म-अल-उसूल** में कानून हे के उनके नज़रिए को जो किसी चीज़ को मान लें उसे पसंद किया जाता है बनिस्बत उनके जो इसे नाकार दें।ये साफ़ है कि अल इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा ताबिइन में से एक होने की वजह से अइम्मात अल मसालिक में सबसे अफ़ज़ल हैं।ला-मज़हबी अल इमाम-अल-आज़म की बरतरी से इंकार करते हैं या वो इस ऊंचे इमाम को गाली देने की कोशिश करते हैं ये कहकर कि वो हदीस के इल्म में कमज़ोर थे, ये उसी के बराबर हैं जैसे कि हज़रत अबू बक्र ओर हज़रत उमर (रज़ी-अल्लाहु अन्हुम) की बरतरी से इंकार करना।उनकी ये टेढ़ी नफ़ी इस तरह की बीमारी नहीं हैं जो तबलीग़ या अल्लाह से ठीक हो जाए।अल्लाह तआला उनका इलाज करे! मुसलमानो के खलीफ़ा उमर (रज़ी

अल्लाहुनह) ने अपने खुतबे के दौरान कहाः "ए मुसलमानो! जैसे के मैं तुम्हें अब बता रहा हूँ, रसूलुल्लाह (सल्लल्ल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने अपने खुतबे के दौरान हमें बतायाः **"सबसे ज़्यादा फाएदेमंद लोग मेरे सहाबा हैं। उनके बाद सबसे ज़्यादा फायदेमंद उनके बाद वाले लोग हैं। और उसके बाद सबसे ज़्यादा फायदेमंद जो उनके बाद आएंगे। जो इनके बाद आएंगे उनके दरमियान झूठे भी होंगे।"**

चार मसलक जिसकी आज मुसलमान तकलीद करता है और नकल करता है वो उन फायदेमंद लोगों के मसलक हैं जिनकी अच्छाई की रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने दावा किया। इस्लामी उलेमा ने आम सहमति में ये ऐलान किया कि इन चार मसालिक के लिए किसी और मसलक को अपनाने की इजाज़त नहीं है।

इबन नजीम अल मिसरी (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) **बहतर अर-राईक** के लेखक ने, अपने काम **अस्बाह** में लिखा, "हज़रत अल इमाम अस-शाफ़ी-ई ने कहा एक शख्स जो फिकह के इल्म में माहिर होना चाहता है उसे अबू हनीफ़ा की किताबें ज़रूर पढ़नी चाहिए।" अबदुल्लाह इबन मुबारक ने कहा, "मैने फिकह के इल्म में कोई दूसरा माहिर इतना ज़्यादा आलिम नहीं देखा जितना कि अबू हनीफ़ा। अज़ीम आलिम मिसार अबू हनीफ़ा के सामने घुटने टेका करते थे और जो उन्हें नहीं आता था उनसे पूछकर सीखते थे। मैं हज़ारों उलेमा के नीचे पढ़ा हूँ। अगर, मैने अबू हनीफ़ा को नहीं देखा होता, तो

में ग्रीक/यूनानी फलसफ़े की दलदल में गिर जाताा।" अबू यूसुफ़ ने कहा, "मैने अबू हनीफ़ा से ज़्यादा हदीस के इल्म में इतना ऊँचा आलिम कोई दूसरा शख्स नहीं देखा।वहाँ और कोई दूसरा आलिम नहीं जिसने हदीसों को इतने साफ़ तरीके से वज़ाहत की जैसे उन्होने की।" अज़ीम आलिम और मुजतहिद सुफयान अस-सूरी ने कहा, "अबू हनीफ़ा के मुकाबले, हम लोग फालकन बमुकाबला चिड़ियाँ थे।अबू हनीफ़ा उलेमा के लीडर हैं।" अली इबन आसिम ने कहा, "अगर अबू हनीफ़ा का इल्म उनके वक्त के सारे उलेमा के कुल इल्म से नापा जाए तो, अबू हनीफ़ा का इल्म सबसे बड़ा साबित होगा।" मुज़ीद इबन हारून ने कहा, "मैं हज़ारो उलेमा के तहत पढ़ा हूँ।उनमें मैं से किसी को भी इतना ज़्यादा इल्म वाला नहीं पाया जितना अबू हनीफ़ा को या कोई इतना ज़्यादा अकलमंद हो जितना के अबू हनीफा (रहमतुल्लाहि तआला अलैह)।" मुहम्मद इबन यूसुफ़ अस-शाफ़ी-ई दमिस्सेन/दमिक्श उलेमा में से एक, अल इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा की बहुत तारीफ़ की, उनकी बरतरी तफसील से वाज़ेह की और कहा के वो सारे मुजतहिद के लीडर हैं अपनी किताब **उकूद अल-जमान फी मनाकबिन-नौमान में**।अल-इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा ने कहा, "हम रसूलुल्लाह (अलैहि स-सलाम) की हदीसों को सबसे ऊपर इज़्ज़त और प्यार देते हैं।हम सहावत अल- किराम के लफ़्ज़ों को ढूँढते हैं, चुनते हैं और उन्हें अपना लेते हैं।ताबिईन के अलफ़ाज़ के लिए, वो हमारे लफ़्ज़ो जैसे होते हैं। **राद्द-ए वहाबी** से तर्जुमा यहाँ पर खत्म होता है।ये किताब **भारत** और

इस्तांबुल में **1264** (**1848** ए .डी.) ओर **1401** (**1981** ए .डी.) में हसबे तरकीब छपवाई गई थी।

सैफ़-उल-मुकल्लिदीन अला आनाक-इल-मुनकरीन किताब में मौलाना मुहम्मद अबदुल-जलील ने फ़ारसी में लिखाः "ला-मज़हबी कहते हैं कि अबू हनीफ़ा हदीस के इल्म में कमज़ोर थे। उनका दावा ये बतााता हे कि या तो वो जाहिल हैं या हासिद। अल-इमाम अज़-ज़हबी और इबन हजर अल-मक्की कहते हैं कि अल इमाम अल-आज़म ने हदीस सीखी थीं। उलेमा थे। अल इमाम अस-शारानी **अल-मीज़ान** की पहली जिल्द में कहते हैं कि, 'मैने अल-इमाम अल-आज़म की तीन **मसनद** पढ़ी हैं। वो सब ताबिइन के जाने माने उलेमा से जानकारी सौंपती हैं। दुश्मनी जो ला-मज़हबी लोग सलफ़ अस-सालिहीन के खिलाफ़ रखते हैं और मुजतहिद के इमामों के लिए उनका हसद खासतौर से उनके रहनुमा अल-इमाम अल-मुस्लिमीन अबू हनीफ़ा की तरफ़, उनके ख्याल और ज़मीर को इस हद तक रूकावट डालते हैं कि वो इन इस्लामी उलेमा की खुबसूरती और बरतरी से इंकार करते हैं। वो इस हकीकत को सहन नहीं कर सकते कि जो पाक लोगो के पास हैं वो उनके पास नहीं। इसी वजह से वो इस्लाम के इमामों की बरतरी से इंकार करते हैं और इस तरह हसद के र्शिक/शिरक (मुश्रिक) के जोखिम में घुस जाते हैं। **हदाइक** किताब में ये लिखा हैः 'जब अल-इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा हदीस को याद कर लेते थे तो वो उन्हें लिख लेते थे। वो जो हदीस की किताबें लिख लेते थे उन्हें लकड़ी

के बक्सों में रख देते थे, जहाँ कहीं भी वो जाते थे उनमें से कुछ अपने हाथ में रखते थे। उनके सिर्फ़ चंद हदीस के हवाले से ये ज़ाहिर नहीं होता कि हदीस की तादाद जो उन्होने याद की वो थोड़ी थीं। सिर्फ़ इस्लाम के कट्टर दुश्मन ही ऐसा कह सकते हैं। उनका कट्टरपन अल-इमाम अल आज़म का कमाल साबित करता है; एक जाहिल शख्स की आलिम पर झूठे इल्ज़ाम लगाना आलिम के कमाल को ज़ाहिर करता है। एक अज़ीम मसलक को कायम करना और लाखों सवालों के जवाब देना आयात और हदीसों से दस्तावेज़कारी करके ऐसे शख्स के ज़रिए नहीं किया जा सकता जो तफ़सीर ओर हदीस के उलूम में गहराई से माहिर न हो। दरहकीकत, एक नया, अनोखा मसलक बग़ैर एक नमूने या एक मिसाल के आगे लाना ये अल-इमाम अल आज़म के तफ़सीह और हदीस के उलूम में महारत का सुबूत हैं। क्योंकि इस मसलक को आगे लाने में उनहोने गैर मामूली ताकत के साथ काम किया, उनके पास वक्त नहीं था हदीस का हवाला देने का या अपने तर्जुमों को एक के बाद एक पेश करने का; इस बात को उस इमाम को बदनाम करने का सबब नहीं बना सकते हसद के ज़रिए उन पर इल्ज़ाम तराशी करके ये कहना कि वो हदीस के इल्म में कमज़ोर थे। ये मानी हुई हकीकत है कि रिवाय्त (पहुँचाई) बग़ैर ज़राए/दिराया (काबिलियत, समझदारी) की कोई कीमत नहीं हैं। मिसाल के तौर पर, इबन अबद अल-बर्र ने कहा, 'अगर रिवाया बग़ैर जराया कीमती होती तो, एक कूढ़े वाले का हदीस का हवाला देने लुकमान की समझ से बरतर होता। इबन हजर अल मक्की शाफ़ी-ई मसलक के उलेमा में से एक थे, लेकिन उन्होने अपनी किताब **कलाइद**

में लिखाः हदीस के अज़ीम आलिम अमाश ने अल-इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा से बहुत सारे सवाल किए। अल-इमाम अल-आज़म ने उनके हर सवाल का जवाब की हदीस के बारे में इतनी गहरी तालीम को देखते हुए, आमाश ने कहा, "ए,तुम, फिकह के उलेमा! तुम एक माहिर डॉक्टर की तरह हो, ओर हम हदीस के उलेमा फारमासिस्ट/दवाई बनाने वालो की तरह हैं। हम हदोसो और उनके ट्रांसमीटरों/कहने वालो का हवाला देते हैं, लेकिन तुम वो हो जो इनके मआनी को समझते हो।"**उकूद अल-जवाहिरी ल-मुनीफ़ा** किताब में ये लिखा हैः 'जबकि उबेदउल्लाह इबन अमर, अज़ीम हदीस के आलिम अमाश की संगत में बैठे थे, कोई आया और उसने एक सवाल किया। जैसे अमाश जवाब के बारे में सोचने लगे, अल-इमाम अल-आज़म वहाँ शामिल हो गए। अमाश ने सवाल इमाम को दोहराया और उनसे जवाब देने की इलतिजा की। अल इमाम अल-आज़म ने फौरन तफ़सील से उसका जवाब दिया। जवाब को निहारते हुए, अमाश ने कहा, "ए इमाम! तुमने किस हदीस अस शरीफ़ से ये लिया?" अल-इमाम अल-आज़म ने जिस हदीस अस शरीफ़ से जवाब लिया था उसको बयान किया और मज़ीद कहा, "ये मैने तुम से सुनी थी।"अल-इमाम अल बुखारी को तीन लाख हदीसें मुह ज़बानी याद थीं। उन्होने उनमें से सिर्फ़ बारह हज़ार किताबों में लिखी थी। क्योंकि उन्हें हदीस अस-शरीफ़ में खतरों का डर था। **"अगर एक शख्स हदीस के नाम पर हवाल देदे, जो मैने नहीं कही, उसे दोज़ख में शदीद अज़ाब दिया जाएगा।"** वारा और तकवा ज़्यादा होने की वजह से, अल-इमाम अल-आज़म ने हदीसों को पहुँचाने के लिए सख्त शर्तें

लगाई थीं। सिर्फ़ वही हदीस को पहुँचा सकते थे जिसकी शर्ते पूरी की गई हों। कुछ उलेमा ने बेशुमार हदीस भेंजी क्योंकि उनकी शाखा वसीह थी और शर्ते हल्की थीं। हदीस के उलेमा मुख्तलिफ़ शर्ते होने के सबब एक दूसरे को कभी हकीर नहीं समझते। ऐसा बिल्कुल नहीं होता था, इमाम मस्लिम ने अल-इमाम अल-बुखारी रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम की तोहीन करने को कुछ कहा होगा। अल-इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा ने सिर्फ़ कुछ ही हदीसो को ट्रासमिट किया क्योंकि उनकी निगरानी और तकवा उनकी तारीफ़ और सराहना एक अच्छा सबब हो सकती हैं।" (**सैफ़ अल-मुकल्लिदीन अला अनाकी ल-मुनकिरीन**।)

मिरात अल-काएनात आगे बढ़ती हैः "अल-इमाम अल-आज़म अबू हनीफ़ा (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) सुबह की नमाज़ एक मस्जिद में पढ़ते थे और रोज़ाना दोपहर तक अपने शार्गिदों के सवालों के जवाब देते थे। दोपहर की नमाज़ के बाद, वो अपने शार्गिदों को दोबारा रात की नमाज़ तक पढ़ाते थे। उसके बाद वो घर चले जाते और, थोड़ा आराम करने के बाद, वापिस मस्जिद चले जाते और सुबह की नमाज़ तक इबादत करते। मिसार इबन कदम अल-कूफ़ी, सलफ़ अस-सालिहीन में से एक, जो **115** (**733** ए डी.) में चल बसे थे, और दूसरे और अज़ीम लोगो ने इस हकीकत की खबर दी।

जो तिजारत के ज़रिए हलाल तरीके से अपनी रोज़ी कमाते थे। वो सामान दूसरी जगह भेजते थे और अपनी कमाई से वो अपने शार्गिदों की

ज़रूरयात पूरी करते थे। उन्होने अपने घर के लिए ज़्यादा खर्च किया और उसके बराबर की कीमत गरीबो को दान के तौर पर दी। इसके अलावा, हर जुम्मे को वो अपने वालदेन की जानो के लिए बीस सोने के सिक्के गरीबों को देते थे। वो अपनी टाँगे अपने उस्ताद हम्माद (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) के घर की तरफ़ नहीं फैलाते थे। अगरचे वो सात सड़कों दूर के फासले पर रहते थे। एक बार उन्हें पता लगा कि उनके हिस्सेदार ने सामान की एक बड़ी तादाद बेच दी जो इस्लाम से मुतावकत नहीं रखती थी। उन्होने नौ हज़ार अचास जो कमाए थे वो सारे गरीबों में बाँट दिए, उसका एक पैसा भी उन्होने नहीं लिया। ब्रिगेंडस/लुटेरों के कूफ़ा शहर में छापे के बाद और भेड़ें चुराने के बाद, उन्होने, सोचा कि ये चोरी हुई भेड़ें हो सकते हैं ज़िब्ह कर दी गई हों और शहर में बेच दीं गई हों, सात साल तक उन्होने भेड़ का गोश्त नहीं खाया कयोंकी भेड़ सात साल तक ज़िंदा रह सकती हैं। वो इस हद तक हराम से परहेज़ करते थे। वो अपने हर अमल में इस्लाम को देखते थे।

"चालीस सालों तक इमाम अल-आज़म (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) ने सुबह की नमाज़ रात की नमाज़ के लिए वुज़ू के साथ अदाकी [यानी, वो रात की नमाज़ के बाद सोते नहीं थे।] उन्होने **55** बार हज अदा किया। आखिरी वाले के दौरान, वो काबा में चले गए, दो रकाअत की नमाज़ अदाकी और इबादत के दरमियान पूरा कुरआन अल-करीम की तिलावत करी। फिर, रोने लगे, उन्होने दुआ की, 'ए मेरे अल्लाह तआला! मैं तेरे पास किसी काबिल

तरीके से इबादत नहीं कर पाया हूँ। फिर भी मैं बहुत अच्छी तरह से समझ गया कि तुमको अकल के ज़रिए से समझा नहीं जा सकता मेरी इस समझ के लिए, बराए महरबानी मेरी खिदमत में जो कमियाँ हैं उन्हें माफ़ करदो! उस मेरी खिदमत में जो कमियाँ हैं उन्हें माफ़ करदो! उस लम्हा एक आवाज़ सुनाई दी, ए अबू हनीफ़ा! तुमने मुझे बहुत अच्छी तरह से मना लिया और मेरी बहुत खुबसूरती के साथ खिदमत की। मैने तुम्हें और उन्हें जो तुम्हारे मसलक में हैं और दुनिया के खात्में तक तुम्हारी तकलीद करते रहेंगे माफ़ कर दिया। वो कुरआन अल-करीम को शुरू से लेकर आखिर तक रोज़ाना दिन में एक बार और रोज़ाना रात में एक बार पढ़ते थे।

"अल इमाम अल-आज़म में इतना तकवा था कि तीस सालो तक उन्होने रोज़ रोज़ा रखा [साल के उन पाँच दिनो के अलावा जिनमें रोज़ा रखना हराम था]। वो अकसर पूरे कुरआन अल-करीम को एक या दो रकाअत में पढ़ लेते थे। और कभी कभी, सलात के दरमियान या उसके बाहर, वो एक आयत को जो दोज़ख और जन्नत के बारे में बयान करती थी उसे बार बार पढ़ते थे और रोते थे और अफसोस करते थे। (सलात में अल्लाह तआला के लिए रोना हनफ़ी मसलक में सलात को तोड़ता नहीं है।) वो जो उनको सुनते थे उन पर दया करते थे। मुहम्मद (अलैहि स-सलाम) की उम्मत के दरमियान पूरे कुरआन अल-करीम को एक वाहिद सलात की रकाअत में पढ़ना सिर्फ़ उसमान इबन अफ़फ़ान, तमीम अद-दारी, साद इबन जुबैर और अल-इमाम अल-आज़म अबू

हनीफ़ा तक लिए था। वो कभी किसी से कोई हदीया नहीं लेते थे। वो गरीबों की तरह लिबास पहनते थे। फिर भी कई बार, अल्लाह तआला की बरकात दिखाने के लिए, वो बहुत कीमती कपड़े पहनते थे। उन्होने हज **55** बार किया और मक्का में कई सालो तक रहे। जहाँ उनकी रूह उनको ले जाती थी सिर्फ़ उसी जगह पर वो पूरा क़ुरआन अल-करीम सात हज़ार बार पढ़ते थे। वो कहते थे, "मैं ज़िंदगी में सिर्फ़ एक बार हंसा, और मुझे उसका पछतावा है।" वो बहुत कम बोलते थे और सोचते ज़्यादा थे। वो अपने शार्गिदों के साथ कुछ मज़हबी मामलात पर बातचीत कर रहे थे। एक रात जमाअत के साथ रात की नमाज़ अदा करने के फौरन बाद वो मस्जिद से जा रहे थे, उन्होने कुछ मामले पर अपने शार्गिद ज़फर से बात करनी शुरू कर दी। उनका एक पैर मस्जिद के अन्दर और एक बाहर था। बातचीत सुबह की अज़ान तक जारी रही। फिर, दूसरा पैर बाहर निकाले बग़ैर, वो वापिस अन्दर चले गए सुबह की नमाज़ के लिए। क्योंकि अली (रज़ी-अल्लाहु अनह) ने कहा, इस बात की इजाज़त है कि ज़ाती भत्ता चार हज़ार द्रिहम तक रख लिया जाए, उनकी कमाई जो चार हज़ार द्रिहम से ज़्यादा थी वो उसे गरीबो में बाँटते थे।

खलीफ़ा मनसूर इमाम का बहुत अहतराम करते थे। उसने उन्हें दस हज़ार अकचा और एक जारिया दी। इमाम ने उनको कुबूल नहीं किया। उस वक्त एक अकसा एक चाँी के द्रिहम के बराबर था **1145** ए . एच में इब्रहिम इबन अबदुल्लाह इबन हसन इबन अली आदमियों को भरती कर रहा था अपने

भाई मुहम्मद (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम अजमईन) की मदद करने के सिलसिले में, जिसने अल-मदीनत अल-मुनव्वरा में अपने आपको खलीफ़ा ऐलान कर दिया। जब वो कूफ़ा आया तो ये अफवा थी कि अबू हनीफ़ा ने उसकी मदद की। मनसूर ने ये सुन लिया और इमाम को कूफ़ा से बग़दाद ले गया। उसने उनसे कहा के सबको बता दो कि मनसूर ही हक से खलीफ़ा है। बदले में उसने उन्हें सुप्रिम कार्ट अपील की सदारत की पेशकश की। उसने उन पर बहुत दबाव डाला। इमाम ने इसे कुबूल नहीं किया। मनसूर ने उन्हें बंदी बना लिया और एक छड़ी के साथ तीस स्ट्रोक लगाकर उनकी पिटाई की। उनके मुबारक पैर से खून बहने लगा। मनसूर को पछतावा हुआ और उसने **30** हज़ार अकचास उन्हें भेजे, सिर्फ एक बार फिर से इंकार करने के लिए। उन्हें फिर से कैदी बना लिया गया और रोज़ दस स्ट्रोक से ज़्यादा उनकी पिटाई हुई। [कुछ खबर के मुताबिक], ग्यारहवें दिन, इस डर से के लोग कहीं बग़ावत न कर दें, उन्हें ज़बरदस्ती कमर के बल लिटाया गया और ज़हरीला शरबत (एक मठिए फल का शरबत) उनके मुंह में डाला गया। जैसे के वो मरने वाले थे सजदे में झुक गए। करीब पचास हज़ार लोगों ने जनाज़े की नमाज़ अदा की। बहुत ज़्यादा भीड़ होने की वजह से, इसे बड़ी मुश्किल से अदा किया गया और अस्र की नमाज़ से पहले पूरी नहीं हुई। बीस दिनो तक बहुत सारे लोग उनके मज़ार पर आते रहे और उनके मज़ार के नज़दीक नमाज़े जनाज़ा पढ़ते रहे।

"उनके **730** शार्गिद थे।उनमें से हर एक अपनी नेकी और पाक कामों के लिए मश्हूर था।उनमें से कई कादीस और मुफ़ती बनें।उनके बेटे हम्माद (रहमतुल्लाहि तआला अलैह) उनके जाने माने शार्गिदों में से थे।" **मिरात-उल-काएनात** किताब से पेसेज यहाँ खत्म होते हैं।

वो अहल-ए दीन के रहनुमा हो गए, रहमतुल्लाहि अलैहिम अजमईन।

इजतिहाद के ज़रिए जो मालूमात अकज़ होनी थी उन पर अल-इमाम अल-आज़म और उनके शार्गिदों के दरमियान कुछ इखतेलाफ़ात थे।मंदरजाज़ेल हदीस अस-शरीफ़ वाज़ेह करती हैं कि ये इखतेलाफ़ात फायदेमंद थेः **"मेरी उम्मत के बीच** (अमाल की अदाएगी पर) **इखतेलाफ** [अल्लाह तआला की] रहम **हे।"** वो अल्लाह तआला से बहुत ज़्यादा डरते थे और कुरआन अल-करीम की तकलीद करने में बहुत ज़्यादा सावधान थे।उन्होने अपने शार्गिदों से कहा, "अगर तुम एक विषय पर दस्तावोज़ (सनद) को मेरे लफ़ज़ों के साथ नामुनासिब पाते हो तो, मेरे लफ़ज़ों को नज़र अन्दाज़ कर दो और उस दस्तावेज़ की तकलीद करो।" उनके सारे शार्गिदों ने कसम खाई, "यहाँ तक कि हमारे अल्फ़ाज़ उनके अल्फ़ाज़ के साथ मुताबकत नहीं रखते वो वेशक उस सुबूब (दलील,सनद) पर मुनहसिर हैं जो हमने उनसे सुनी थीं।"

हनफ़ी मुफ़्तियों को जो अल-इमाम अल-आज़म ने कहा उस पर सहमत फतवा जारी करना होगा। अगर वो उनके लफ़्ज़ नहीं ढूँढ पाएँ, तो उन्हें इमाम अबू यूसुफ़ की तकलीद करनी होगी। उनके बाद,इमाम मुहम्मद की तकलीद की जा सकती है। अगर इमाम अबू यूसुफ़ और इमाम मुहम्मद के लफ़्ज़ एक तरफ़ और अल-इमाम अल-आज़म के दूसरी तरफ़ हो तो, एक मुफ़्ती किसी भी ज़मनी के मुताबिक फतवा जारी कर सकता है। जब वहाँ दरूरा (एक सख्त मुश्किल) हो तो, वो मुजतहिद के लफ़्ज़ो के माकूल जो आसान तरीका दिखाए एक फतवा जारी कर सकता है। वो ऐसा फतवा जारी नहीं कर सकता जो किसी भी मुजतहिद के लफ़्ज़ों पर मुबनी न हों; मुददा एक फतवा नहीं कहलाया जाएगा।

4-वहाबियत और अहले-सुन्नत की तरफ़ से इसकी तरदीद

अगरचे वो कहते हैं कि वो मुसलमान हैं, **वहाबी,** उन्हें **नजदी** भी कहा जाता है, वो उन फिरको में से हैं जो अहले सुन्नत से अलग हो गए थे।

अहमद सैफ़दत पाश, एक स्टेट्रस्मन/मोअरिख, और अयूब सबरी पासा [डी .1308 (1890 ए .डी .)], रियर एडमिरल/नौ सेनापति 34वें उस्मानिया सुल्तान अबदु-हमीद खान [1258-1336 (1842-1918), इस्तांबुल में सुल्तान महमूद के मज़ार में दफ़नाए गए] (रहमतुल्लाहि तआला अलैहिम) ने हर एक तारीख की किताब लिखी, जिसमें उन्होने वहाबियत को तफ़सील पूरा वाज़ेह

किया। (पहले वाले की तारीख ए-उस्मानी की 12 जिल्दो के सातवीं जिल्द में और बाद वाले की **मिरात-अल-हरमैन** की 5 जिल्दो में से तीसरी जिल्द में (सफ़ह 99. तुर्की, सुलेमानियाा की लाएब्रेर मे है)। **ज़्यादातर हिस्से के लिए, मंदरजाज़ेल बाद वाले की किताब से लिया गया है, जिन्होने ज़एनी दहलान से ये मालूमात लीं** (अहमद दहलान रहमतुल्लाहि अलैह (1231 [1816], मक्का-1304 [1886], मदीना) मक्का के मुफ़ती थे।)**"फितनत अल वहाबिया" किताब से। वो 1308 (1890 ए. डी.) में फौत हो गए।**

वहाबियत मुहम्मद इबन अबदुल वहाब ने कायम की। वो हुरेमिला 1111 (1699 ए. डी.) नजद में पैदा हुआ और 1206 (1791 ए. डी) मे मर गया। पहले, वो बसरा,बग़दाद, इरान,भारत और दमिक्श में घूमने और तिजारत की गर्ज़ से गया। वो बसरा में था, 1125 [1713 ए. डी.] में जब वो हेम्फ्फर के ज़रिए फंदे में फंस गया, जो बेशुमार अंग्रज़ी जासूसों में से एक था, और **(इस्लाम को तबाह)** करने के बरतानवी पलान में एक मोहरे की तरह काम करता था। उसने वहाबियत के नाम पर जासूस के ज़रिए तैयार किए गए बेवकूफ़ाना कामों को छपवाया। हमारी किताब **एक अंग्रेज़ जासूस के एतराफात/confession of british spy** में वहाबियत के कयाम पर तफ़सीली जानकरी है। वहाँ उसने हररान के अहमद इबन तेमिया [661-728 (1263-1328), दी. दमिक्श में] के ज़रिए लिखी किताबो को पाया और पढ़ा, जिसका मवाद अहले-सुन्नत के मुताबिक न था। बहुत ज़्यादा होशियार

शख्स होने की वजह से, वो अस-शैख अन-नजदी के नाम से मश्हूर हुआ। उसकी किताब **किताब अत-तौहीद** (मक्का के आलिमों ने **किताब अत-तौहीद** को बहुत खुबसूरत जवाबात लिखे और **1221** में पक्के दस्तावेज़ों के साथ उसकी तरदीद की। उनकी तरदीद का मजमआ, **सैफ अल-जब्बार** के नाम से जो बाद में पाक्स्तिान में छपी, इस्तांबुल में **1395** [**1975** ए . डी.] में दोबारा छपी गई।) जिसे उसने बरतानवी जासूस के तआवुन से तैयार किया, उसके पौते अबद अर-रहमान के ज़रिए एनोटेट/तफसील के साथ तशरीह की गई और मिस्र में **फतह अल-मजीद** के उनवान से मुहम्मद हमीद नामी एक वहाबी के ज़रिए दर्ज करके छपवाई गई। मुहम्मद इबन अबदुल वहाब के खयालात, गाँव वालों, दरिया के रहने वालो और उनके सरबराह, मुहम्मद इबन सऊद के दरमियान फैले। वो जिन्होने उसके खयालात को कुबूला, जिन्हें उसने वहाबिया करार दिया वो वहाबी या नजदी कहलाए। वो तादाद में बढ़ गए, और उसने अपने आपको काज़ी के तौर पर और मुहम्मद इबन सुऊद को अमीर (शासक) के तौर पर थोप दिया। उसने ये कानून बना दिया कि सिर्फ़ उनकी खुद की औलादें उनकी फातेह बनेंगी।

मुहम्मद के बाप, 'अबदुल-वहाबी, जोकि एक सालिह मुसलमान और मदीना का एक आलिम थे, इबन अबद अल-वहबी के लफ़्ज़ों से उन्हें शक हुआ के उसने एक भटकी हुई तहरीक चलाई है उन्होने हर एक को सलाह दी कि उसके साथ बात न करें। लेकिन उसने **1150** (**1737** ए . डी.) में वहाबियत

का ऐलान कर दिया। वो इतना ज़्यादा आगे बढ़ गया कि अहले-सुन्नत को "काफिर" बुलाने लगा। उसने कहा कि जो नबी या वली के मज़ार पर जाएगा और उन्हें "या नबी अल्लाह!"(ए अल्लाह के नबी) या 'या अबद अल-कादिर!" ऐसे कहकर बुलाएगा वो एक शिर्क करने वाला (मुश्रिक) बन जाएगा।

वहाबी का नज़रिये ये हैं के वो जो कहे कि अल्लाह तआला के अलावा किसी ने कुछ किया वो एक मुश्रिक बन जाएगा, एक काफ़िर। मिसाल के तौर पर, वो जो कहे, "फला दावाई से मुझे आराम मिला," या "अल्लाह तआला ने फला फला नबी या वली के मज़ार के पास मेरी दुआ सुन ली" वो मुश्रिक बन जाएगा। इन खयालात को साबित करने के लिए, उसने आयत अल-करीमाः "**इय्याका नसताईन**" **(सिर्फ़ तेरी मदद चाहिए)** सूरत अल फातिह और आयत तवक्कुल को दस्तावेज़ के तौर पर आगे किया। (इन आयात के सही मआनी अहले-सुन्नत के उलेमा के ज़रिए और तौहीद और तवक्कुल के मामलात **सआदत-ए-अबदिया,** के तीसरे हिस्से के, **35**वें सबक में तदसील से लिखें हैं। वो जो तौहीद के सही मआनी जानते हैं वो समझ जाएंगे कि वहाब, जो अपने आपको मोहददीस कहता हे, वो मोहददीस (तौहीद के मानने वाला) नहीं हे।)

अल-उसूल-उल-अरबा फ़ी-तरदीद-इल-वहाबिया किताब अपने दूसरे हिस्से के आखिर में, फारसी में लिखती हेः वहाबी और दूसरे ला-मज़हबी लोग

जब भी कोई कहता कि उसने मजाज़ किया है, (मजाज़ एक लफ़्ज़ का इस्तेमाल इसके आम या वाज़ेह मआनी में नहीं है, बल्कि इसके मआनी से जुड़ा एक मतलब है। जब एक खास लफ़्ज़ अल्लाह तआला का मजाज़ी (अलामती,अलफ़िकार) समझ में आदमियों के लिए इस्तेमाल हो, वहाबी इसको अदबी मआनी में लेंगे और जो उसे अलामती तौर पर इस्तेमाल कर उसे एक मुश्रिक और काफिर मानते हैं; वो इस बात से अनजान हैं कि ऐसे लफ़्ज़ कुरआन अल-करीम और हदीस अस-शरीफ़ मे आदमियों के लिए अलामती समझ में इस्तेमाल होते हैं।) और **इसतिआरा** (मवाज़ना) के मआनी को समझ नहीं सकते। वो उसे एक मुश्रिक या एक काफ़िर बुलाते अगरचे उसका इज़हार एक मजाज़ हो। बहरहाल, अल्लाह तआला ने कुरआन अल-करीम की बहुत सारी आयात में ये ऐलान किया कि वो हर अमल का हकीकी खालिक हे और ये कि आदमी मजाज़ी बनाने वाला है। सूरत अल-अनाम की **57**वीं आयत और सूरत यूसुफ़ में, उसने कहा; **"फैसला (हुकूम) अकेले अल्लाह तआला का है,"** यानी, सिर्फ़ अल्लाह तआला ही तय करने वाला है (हाकिम)। सूरत अन-निसा की **64**वीं आयत में, उसने कहाः **"वो मोमिन नहीं हो सकते जब तक के वो** (नबी)**जज न बना लें** (युहक्क्मिूनक) **उस चीज़ का जो उनके बीच में झगड़ा है।"** पहली वाली आयत ये बयान करती है कि अल्लाह तआला सिर्फ़ असली हाकिम है, और बाद वाली कहती है के आदमी सिर्फ़ तशबीहा करके हाकिम के तौर पर हवाल दिया गया है।

हर मुसलमान जानता है कि वाहिद अल्लाह तआला है जो अकेला ज़िंदगी देता और लेता है।क्योंकि उसने ऐलान कियाः सूरत यूनुस की **56**वीं आयत में कहा गया, **"वो अकेला ज़िंदगी देता और लेता है,"** और सूरत अज़-ज़ुमर में **42**वीं आयत में, **"अल्लाह तआला अकेला है जो आदमी को उसकी मौत के वक्त मारता है,"** सूरत अस-सजदा की **11**वीं आयत में, वो मजाज़ के तौर पर कहता हैः **"फरिश्ता जो ज़िंदगी लेने का नायब मुकर्रर है वो तुम्हारी ज़िंदगी लेगा।"**

अल्लाह तआला वाहिद अकेले ही बीमार को सेहत देता है, क्योंकि सूरत अस-शूरा की **80**वीं आयत में बयान हैंः **"जब मैं बीमार होता हूँ तो, सिर्फ़ वो मुझे सेहत देता है।"** उन्होने ईसा (अलैहि स-सलाम) का हवाला दिया सूरह आल-ए-इमरान की **49**वीं आयत में ये कहते हुएः **मैं अंधे और बरस**

(एक जिल्द का बीमार शख्स, albion या vitilligo मुकम्मल या जुज़वी सफ़ेदी बिल्तरतीब, जिल्द।) **को ठीक करता हूँ, और अल्लाह तआला की इजाज़त से मुरदे को वापिस ज़िंदगी में लाता हूँ"** जिसने एक आदमी को बच्चा दिया वो असल में वही है; सूरत मरियम की **18**वीं आयत जिब्राईल (अलैहि स-सलाम) [मुकर्रब फरिश्ते] के मजाज़ी लफ़ज़ो का हवाल दिया, **"मैं तुम्हें पाक बेटा दे रहा हूँ।"**

आदमी का असली मालिक अल्लाह तआला है।सूरत अल-बकरा की **257**वी आयत ने खुले तौर पर बयान कियाः **"अल्लाह तआला उनका वली** (मुहाफ़िज़,सरपरस्त) **है जो यकीन रखते हैं।"** बिलतरतीब **56**वीं और **6**वीं सूरह अल-माएदा और अल-अहज़ाब की आयत मे ये कहा गया है, **"अल्लाह तआला और उसके नबी** (अलैहि स-सलाम) **तुम्हारे वली हैं,"** और **"नबी मोमिनो की खुद से ज़्यादा हिफ़ाज़त करते हैं।"** उनका मतलब है कि आदमी, भी अगरचे अलामती तौर पर, एक वली है।इसी तरह, असली मददगार अल्लाह तआला है और वो आदमियों की भी तशबिहन मुईन (मददगार) पुकारता है।सूरत अल-माएदा की तीसरी आयत मेंः "अच्छाई और दया (तकवा) में एक दूसरे की मदद करो।"वहाबी उन मुसलमानो के लिए मुशरिक (शिर्क वाला) लफ़्ज़ इस्तेमाल करते हैं जो किसी को अबद (नौकर,गुलाम) कहते हैं अल्लाह तआला के अलावा, मिसाल के तौर पर, "अबद अन-नबी," या अबद अर-रसूल; बहरहाल, सूरत अन-नूर की **32**वीं आयत में, ये वाज़ेह हैंः अपनी ग़ैर शादी शुदा औरतों की और तुम्हारे गुलाम लडके लड़कीयों के बीच पाक लोगो की शादी कराओ।"आदमी का असली रब (उस्ताद) अल्लाह तआला है, लेकिन तशबिहन किसी और को भी पुकार सकते हैं; सूरत यूसुफ़ की **42**वीं आयत मे कहा,"अपने रब की हाज़िरी में मेरा ज़िकर करो।"

'इस्तिखारा' वो है जिसकी वहाबी सबसे ज़्यादा मुखालफ़त करते हैंः अल्लाह तआला के अलावा किसी से मदद या हिफ़ाज़त का पूछना, जिसे वो

शिर्क कहते हैं।असल में, जैसे के सारे मुसलमान जानते हैं; सच्चा इस्तिखारा सिर्फ़ अल्लाह तआला के लिए होता है। बहरहाल, इस बात की इजाज़त है ये कहना तशबिहन कि कोई किसी के लिए इस्तिखारा कर सकता है, क्योंकि, सूरत अल-किस्सास की 15वीं आयत में ऐलान हैः **"उसके काबिले के लोग दुश्मन के खिलाफ़ उसके लिए इस्तिखारा कर सकते हैं।"** एक हदीस शरीफ़ से रिवायत है, **"वो आदम** (अलैहि स-सलाम) **के लिए महशर के मकाम पर इस्तिखारा कर सकते हैं।"** अल--हसीन में एक हदीस शरीफ़ से रिवायत है, **"जिसे मदद चाहिए वो कह सकता है, ए अल्लाह के बंदे! मेरी मदद कर!"** ये हदीस शरीफ़ एक शख्स को हुकूम देती है जो उसके नज़दीक नहीं हैं उसे वो मदद के लिए **पुकार सकता है। (अल-उसूल अल-अरवा फी तरदीद अल वहाबिया** (फारसी में) दूसरे हिस्से का आखिर, भारत, **1346 1928** ए . डी ; फोटोग्राफ़िक रिप्रोडक्शन, इस्तांबुल, **1395 1975** ए . डी। ये किताब मुहम्मद हसन जान साहिब, हज़रत इमाम रब्बानी रहमतुल्लाहि तआला अलैहिमा के पौतों में से एक के ज़रिए लिखी गई थी।मुसंनिफ़, जान साहिब ने, वहाबियों और दूसरे ला-मज़हबियों की अपने अरबी के काम **तरीक अन-नजाअत,** भारत, **1350** (उर्दू तुर्जमें के साथ); फोटोग्राफ़ी की पनदोतबादन/repruduction, इस्तांबुल, **1396** (**1976** ए . डी .) में तरदीद की।) **अल-उसूल-उल-अरबा** से तर्जुमा यहाँ खत्म हुआ।

[हर लफ़्ज़ अलग शनाखत का मआनी रखता है, जिसे उस लफ़्ज़ का असली मआनी कहा जाता है। लफ़्ज़ को मजाज़ कह सकते हैं जब ये अपनी असली मआनी में इस्तेमाल न हो लेकिन किसी दूसरे मआनी में जो उससे मिलता हुआ हो जब एक लफ़्ज़ अल्लाह तआला के लिए मखसूस इंसानी मखलूक के लिए इस्तेमाल होता है **मजाज़** के तौर पर तो, वहाबी लोग सोचते हैं कि ये लफ़्ज़ उसके असली मआनी के साथ इस्तेमाल हुआ। इसलिए, वो उस शख्स को जिसने ये लफ़्ज़ इस्तेमाल किया उसे मुश्रिक या काफ़िर कहते हैं। लेकिन उन्हें इस हकीकत पर ध्यान देना चहिए कि ये अलफ़ाज़ आयात और हदीस-ए-शरीफ़ में इंसानी मखलूक के लिए इस्तेमाल किए गए हैं।]

रसूलुल्लाह (अलैहि-स-सलाम) की और औलिया की शफ़ाअत (हिमायत और मदद मांगने का मतलब ये नहीं हैं कि अल्लाह तआला की तरफ़ से हट गए या अपने खालिक को भूल गए हैं। ये उसी तरह है जैसे उससे बारिश की उम्मीद करना बादलो के सबब या वासते से; दवाई लेते हुए उससे इलाज की उम्मीद रखना, तोपों, बम रॉकेट और जहाज़ों का इस्तेमाल करते हुए उससे जीत की उम्मीद करना। ये सब असबाब हैं। अल्लाह तआला इन असबाब के ज़रिए सब चीज़ें तखलीक करता है। इन चीज़ों पर कायम रहना मुश्रिक पन (शिर्क) नहीं है। नबी अलैहिम -उस-सलाम हमेशा असबाब को चिमटते थे। जैसे कि हम फव्वारे पर जाते हैं पानी पीने के लिए, जो अल्लाह तआला ने बनाया, और बेकरी जाते हैं ब्रेड लेने के लिए, जिसे फिर अल्लाह तआला ने

बनाया, और जैसे कि हम हथ्थियार बनाते हैं और अपने सैनिकों को ड्रिल और सीखाते हैं ताकि अल्लाह तआला हमें जीत दे सके, इसलिए हम अपने दिलो को नबी या वली की रूहों पर लगाते हैं ताकि अल्लाह तआला हमारी इबादात कुवूल कर ले। एक रेडियो का इस्तेमाल करना आवाज़ सुनने के लिए जिसे तखलिक किया उसका मतलव ये नहीं कि हम उसे भूल गए और एक बॉक्स का सहारा लिया, क्योंकि वो अकेला है जिसने ये खासियत, ये ताकत रेडियो बॉक्स के औज़ार को दी। अल्लाह तआला ने अपनी कुदरते कामल सब चीज़ों में छपवाई है। एक मुश्रिक बुतो को पूजता है लेकिन अल्लाह तआला के बारे में नहीं सोचता। एक मुसलमान, जब वो असबाब और ज़राए को इस्तेमाल करता है अल्लाह तआला के बारे में सोचता है, जो असबाव और तखलीकों को खासियतें और तासिर देता है। जो कुछ वो चाहता है वो अल्लाह तआला से इसकी उम्मीद करता है। वो जानता है कि जो कुछ भी वो ले रहा हैं वो अल्लाह से आ रहा है। ऊपर बताई गई आयत का मआनी ये ज़ाहिर करते हैं कि ये सही है। यानी, जब हर सलात में सूरह अल-फातिहा कहते हैं तो मोमिन कहता है, 'ए मेरे रब! मैं अपनी दुनियावी इच्छाऔं और ज़रूरतों को हासिल करने के लिए, माद्दी और साईसी असवाबों पर पकड़ रखता हूँ और मेरी मदद करने के लिए अपने प्यारे बंदो से पूछता हूँ जैसा कि मैने ऐसा किया, और हमैशा, मैं यकीन रखता हूँ कि तू अकेला देने वाला है, इच्छाओं का खालिक। अकेले तुझ से ही मुझे उम्मीद है मोमिन जो रोज़ ये कहते हैं वो मुश्रिक नहीं हो सकते।

नबियों और औलिया की रूहों से माँगना इन असबाब को पकड़ना है, जिन्हें अल्लाह तआला ने तखलीक किया है। सूरतउल-फातिहा की ये आयत वाज़ेह तौर पर बयान करती है कि वो मुश्रिक नहीं बल्कि सच्चे मोमिन हैं। वहाबी भी माद्दी और साईंसी ज़राओं पर कायम हैं। वो अपनी जनसी खवाहिशत को किसी भी ज़रिए से पूरा करते हैं। बल्कि वो नबियों या औलियाओं को सालिस के तौर पर सहारा लेने को शिर्क कहते हैं।)

क्योंकि मुहम्मद इबन अबदुल वहाब के लफ़्ज़ जनसी ख़ुवाहिशात के मुताबिक थे वो जो मज़हबी इल्म नहीं रखते थे उन्हें आसानी से यकीन कर लेते थे। वो इस बात पर ज़ोर देते थे कि अहले-सुन्नत के उलेमा ओर सही रास्ते/तरीके के मुसलमान काफ़िर थे। अमीर (रहनुमा) वहाबियत को उनकी ताकत को बढाने की ख़ुवाहिशात और अपनी ज़मीनों और हदों को बढ़ाने में मुवातिर होते थे। वो अरब कबीलों को वहाबी बनने पर ज़ोर दे ते थे। जो उन पर यकीन नहीं रखते थे उन्हें वो कत्ल कर देते थे। गाँव वाले मौत के डर से, दरिया के अमीर, मुहम्मद इबन सऊद की फरमाबरदारी करते थे वह अमीर के तौर पर ऐसा सिपाही बना जो अपनी ख़ुवाहिशातों के लिए ग़ैर वहाबियों की जाएदाद ज़िंदगी और अज़मत पर हमला करता।

शैख सुलैमान, मुहम्मद इबन अबद-वहाबी के भाई जो अहले-सुन्नत के आलिम थे। इस मुबारक शख्स ने वहाबियत की अपनी किताब **अस-सवाईक अल-इलाहिया फी र-रददी अला ल-वहाबिया** में बड़ी मज़म्मत की ओर इसके

बिदअती अकाईद को बढ़ने से रोक दिया। ये कीमती किताब साल **1306** में छपी थी। ये ऑफसेट अमल में इस्तांबुल में **1395** [**1975** ए .डी.] भी छपी। मुहम्मद के उस्ताद जिन्हें एहसास हुआ कि इसने बुराई की तरफ रास्ता खोल दिया है, उसकी गलत किताबों की तरदीद की। उन्होने ये ऐलान किया कि वो रास्ते से भटक गया है। उन्होने साबित किया कि वहाबियों ने आयात और हदीसों को गलत मआनी दिए है। ताहम गाँव वाले की नाराज़गी और दुश्मनी मोमिनो के खिलाफ़ और बढ़ गई।

वहाबियत इल्म से नहीं फैला बल्कि ला इल्म लोगो के ज़रिए जुल्म और खूनखराबे से फैला। इन ज़ालिमो में से सबसे ज़ालिम मुहम्मद इबन सऊद दरिया का अमीर था जो बहुत पत्थर दिल था। ये आदमी बनी हनीफ़ी कबीले का था और उन बेवकूफ़ों की नसलो में से जो मुसेलमत अल-कज़ाब को नबी मानते थे। वो **1178** [**1765**ए. डी]में मर गया था ओर उसका बेटा अबद-उल-अज़ीज़ उसका जानशीन बना, जो अपनी बारी में, **1217** में एक शिया के ज़रिए मारा गया। उसका बेटा सऊद उसका जानशीन बना, जो **1231** में मर गया। उसके बेटे अबदुल्लाह ने उसकी जगह ली, **1240** में सिर्फ़ इस्तांबुल में फाँसी दिए जाने के लिए। फिर उसकी जगह अबद-उल-अज़ीज़ के पोते तरकी बिन अबदुल्लाह ने ली। जिस शख्स ने उसकी जगह ली, **1254** में, वो उसका बेटा फैसल था, जिस पर उसकी बारी में उसका बेटा अबदुल्लाह **1282** में कामयाब हुआ। उसका भाई अबदुल रहमान और उसका बेटा अबदुल अज़ीज़ कुवैत में

मुकीम हो गए। **1319** [**1901** ए .डी.] में अबदुल-अज़ीज़ रियाद चला गया और अमीर बन गया। **1918** में उसने बरतानिया की मदद से मक्का पर हमला किया। **1351** [**1932** ए डी.] में उसने सऊदी अरबी रियास्त कायम की। हमने **1991** में जारी अखबारों में पढ़ा कि सऊदी के अमीर, फाहद ने रूस के काफ़िरों को इमदाद के तौर पर चार बिलिअन डॉलर भेजे जो अफ़ग़ानिस्तान में मुजाहिदीन से लड़ रहे थे।

वहअबी दावा करते हैं कि वो अल्लाह तआला की वहदानियत को मानने के रास्ते में ओर कुफ्र से बचने में संजीदा हैं, ये कि मुसलमान छ सौ सालो से मुश्रिक है; और वो उन्हें कुफ्र से बाचाने की कोशिश में लगे हैं। अपने आपको सही साबित करने के लिए, उन्होने सूरत अल-एहकाफ़ की **5**वीं आयत करीमा ओर सूरत यूनुस की **106**वीं आयत करीमा को पेश किया। अगरचे, कुरआन अल-करीम के सारे तवसरे इतिफ़ाक राए से ये लिखते हैं कि ये दोनो आयात और दूसरी बहुत सी मुश्रिकीन के लिए उतारी गई। इन आयात में से पहलीः **"उस से ज़्यादा कोई हयातयाती नहीं जो अल्लाह तआला से फिर जाए और उन चीज़ें की इबादात करे जो दुनिया के खात्में तक सुनाई न दे।"** और दूसरी हैः "मक्का के मुश्रिकीन को बता दो, **'मैंने चीज़ों की इबादात करने के लिए हुकूम नहीं दिया, जो न तो फाएदेमंद हैं और न ही नुकसानदायक। अगर तुम अल्लाह तआला के अलाव किसी और की इबादत करते हो तो तुम अपने आप को तशद्दुद और नुकसान पहुँचाते हो।**

